卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंध्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहि्न जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 244 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦15 जून 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR
SALE, PURCHASE
RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE
WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4,
Adarsh Colony, Rudrapur

## टैंपो ट्रैवलर खाई में गिरा,9 श्रद्धालुओं की मौत

रूद्रप्रयाग (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड में पहाड़ों पर सड़क हादसे श्रद्धालुओं को ले जा रहा एक टेम्पो ट्रैवलर वाहन अनियंत्रित होकर जानकारी के अनुसार हादसा बदरीनाथ हाईवे के रेंतोली के पास हुआ है। बताया चोपता जा रहा था। रुद्रप्रयाग शहर से पांच किलोमीटर आगे बदरीनाथ हाईवे में चीख पुकार मच गयी। शोर सुनकर आवास पास के लोग मौके पर एकत्र हो




थम नहीं रहे हैं। बदरीनाथ हाईवे पर बड़े हादसे में करीब नौ लोगों की मौत की खबर आयी है। यहां नौएडा के अलकनंदा नदी में गिर गया। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान शुरू किया। जा रहा है कि टैम्पो ट्रैवलर में करीब 25 यात्री सवार थे। जो नौएडवा से चारधाम यात्रा पर आये थे। वाहन नौएडा से पर रैतोली के पास टेंपो ट्रेवलर अचानक अनियंत्रित होकर अलकनंदा नदी में गिर गया। जिससे वाहन में सवार श्रद्धालुओं गये। सूचना पर पुलिस प्रशासन जिला आपदा प्रबंधन, डीडीआरएफ समेत अन्य टीम मौके (शेष पृष्ठ सात पर)

## कैंची धाम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



भवाली(उद संवाददाता)। यहां स्थित विश्व विख्यात कैंची धाम के 60वें स्थापना दिवस पर नीब करौरी बजे बाबा नीब करौरी महाराज को भोग लगाने के बाद मालपुए का प्रसाद बंटना शुरू हुआ। शुक्रवार शाम को ही बाबा मंदिर समिति के प्रबंधक प्रदीप साह ने बताया कि तड़के बाबा को भोग लगाने के साथ मेला शुरू हो गया। तड़के ही उठा। बाबा के प्रति आस्था का ही यह सैलाब था की सुबह पांच बजे से चार किमी लंबी लाइन में खड़े होकर




महाराज के दरबार में आस्था का सैलाब उमड़ा पड़ा। धाम में रात से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। सुबह 5.30 के दर्शन के लिए कैंची धाम में श्रद्धालु जुटने लगे थे। सुबह मंदिर खुलने से पहले ही श्रद्धालुओं की कतार लग गयी। हजारों की संख्या में लोग बाबा के दर्शन के लिए लग गये। इस दौरान बाबा के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो श्रद्धालुओं ने घंटों इंतजार के बाद बाबा के दर्शन कर मालपुए का प्रसाद लिया। मंदिर के मुख्य (शेष पृष्ठ सात पर)

## इंग्लैण्ड का वर्क परमिट दिलाने के नाम पर एक लाख ठगे

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। विदेश में इंग्लैण्ड का वर्क परमिट दिलाने के नाम एक लाख रूपये हड़पने का आरोप लगाते हुये आर्मी से रिटायर फौजी ने मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। ग्राम बलखेड़ा निवासी सन्तोष सिंह पुत्र पुत्र लाल सिंह ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि उसका पुत्र गुरविन्दर सिंह जो कि वर्तमान में इंग्लैण्ड में है। आर्मी से रिटायर होने के बाद वह गांव में मिठाई की (शेष पृष्ठ सात पर)

## घास लेकर जाती वृद्धा को कार ने रौंदा,मौत

### गौरी के प्रयासों से भी नहीं बच सकी जान

पंतनगर (उद संवाददाता)। विगत दोपहर मवेशियों के लिए घास काटकर घर लौट रही वृद्धा को यहां पंडित गोबिंद बल्लभ पंत द्वार के सामने अज्ञात कार चालक ने रौंद दिया। मामले की सूचना मिलते ही वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश गौरी के साथ हरीश जोशी, कमल पांडेय, नंदलाल व हरीश टम्टा मौके पर पहुंचे और उन्होंने गंभीर रूप से घायल वृद्धा को उपचार के लिए सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय हल्द्वानी भर्ती कराया। जहां वृद्धा ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के पुत्र ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ पंतनगर थाने में तहरीर दे दी है। जानकारी के अनुसार संजय नगर पंतनगर निवासी करीब 65 वर्षीय कसैदा खातून पत्नी स्व. मुख्तयार अंसारी 14 जून की दोपहर लगभग एक बजे अपने पालतू मवेशियों के लिए घास काटकर घर वापस लौट रही थी। इसी दौरान सामने की और से तेज गति से आती कार के अज्ञात चालक ने उसे पंडित गोबिंद बल्लभ पंत द्वार के सामने रौंद दिया। जिससे कसैदा लहुलुहान होकर वहीं गिर गई। मौका पाकर कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। मामले की सूचना मिलते ही वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश गौरी मौके पर पहुंचे और उन्होंने गंभीर रूप से घायल वृद्धा को उपचार के लिए सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय हल्द्वानी भर्ती कराया। जहां वृद्धा ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।सुरेश गौरी ने मृतका के परिजनों को सांत्वना देते हुए उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिया। मृतका के तीन पुत्र हैं जो मजदूरी करते हैं। पुलिस ने मृतका कसैदा खातून का शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों के सुपुर्द कर दिया और मामले की जांच शुरू कर दी।

## मुठभेड़ में गोली लगने से शातिर बदमाश घायल

हरिद्वार (उद संवाददाता)। देर रात बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार देर रात्रि में ढोर



डंगर चुराने वाले बदमाशों के गांव में घुसने की सूचना पर हरिद्वार पुलिस ने झबरेड़ा क्षेत्रांतर्गत झबरेड़ा मंगलौर नहर पटरी के पास बदमाशों को घेर लिया। इस दौरान बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गयी। बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जिसके बाद पुलिस ने भी मोर्चा संभालते हुए जवाबी फायरिंग की। मुठभेड में बोलर पुत्र तालिब निवासी ग्राम (शेष पृष्ठ 7 पर)

## ब्याज सहित रकम वसूलने के बाद भी सूदखोर ने करा दिया केस

रूद्रपुर। उधार की रकम ब्याज सहित वसूलने के बाद भी सूदखोर ने अपने साथी के द्वारा कर्ज लेने वाले व्यक्ति के विरूद्ध न्यायालय में मुकदमा दर्ज करा दिया। एसएसपी से शिकायत करने के बाद पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में विष्णु कुमार पटवा पुत्र अशोक पाल पटवा निवासी वार्ड 11, अग्रवाल धर्मशाला रूद्रपुर ने कहा है कि उसने हरपाल सिंह गिल पुत्र दलविन्दर सिंह गिल निवासी पालमग्रीन से वर्ष 2021 में 20 हजार रूपये उधार लिए थे और उसे दो ब्लैंक हस्ताक्षरित चैक दिये थे। उसने उधार ली धनराशि को चक्रवद्धी ब्याज सहित वापस कर दिया। लेकिन उसके चैक वापस करने के लिए वह टालमटोल करता रहा। उसे ज्ञात हुआ है कि हरपाल सिंह अपने गैंग से मिलकर ब्याज का व्यवसाय करता है और लोगों को अपने जाल में फँसा कर उनके ब्लैक चैक से ब्लैकमेल करता है तथा अवैध वसूली करता है। लगभग 400-500 ऐसे ही प्रताडित लोग है जिनका यह शिकार कर चुके है। विष्णु का आरोप है कि उक्त व्यक्ति(शेष पृष्ठ सात पर)

## ट्रांजिट कैम्प में 26 सीसीटीवी कैमरों का लोकार्पण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। अपराध नियंत्रण के लिए ट्रांजिट कैम्पक्षेत्र में लगाये गये 26 सीसी टीवी कैमरों का शनिवार को विधायक शिव अरोरा और एसएसपी मंजूनाथ टिसी ने संयुक्त रूप से लोकार्पण किया।




लोकार्पण कार्यक्रम में पहुचे विधायक शिव अरोरा का पुलिस विभाग द्वारा अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेट कर स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा कि विधायक बनने के बाद से उन्होंने संकल्प लिया था कि रुद्रपुर विधानसभा मे 500 सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेगे। उसी दिशा मे आगे बढ़ते हुए दूसरे चरण मे स्वीकृत 10 लाख की लागत से ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में 26 सीसी टीवी कैमरों का आज लोकार्पण किया गया है। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण में सीसीटीवी कैमरों का अहम योग दान है। सीसी टीवी कैमरों को तीसरी आंख भी कहा जाता है। वर्तमान दौर में इनका महत्व बहुत बढ़ गया है। जहां सीसी टीवी कैमरे लगे होते हैं वहां पर(शेष पृष्ठ सात पर)

# सीएम ने वन विभाग के तीन अफसरों को किया सस्पेंड

## किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : धामी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर शासन ने श्री पी.के पात्रो मुख्य वन संरक्षक, कुमाऊँ को तत्काल प्रभाव से प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ), उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय से सम्बद्ध किया गया है। श्री कोको रोसे, वन संरक्षक उत्तरी कुमाऊं वृत्त, अल्मोड़ा, श्री ध्रुव सिंह मर्तोलिया, प्रभारी प्रभागीय वनाधिकारी, सिविल सोयम वन प्रभाग, अल्मोड़ा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। श्री हेम चन्द्र गहतोड़ी, सहायक वन संरक्षक नैनीताल को स्थानान्तरित



कर सिविल सोयम वन प्रभाग, अल्मोड़ा में तैनात किया गया है। सचिवालय में मीडिया से अनौपचारिक वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगतों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घटना में चार घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि उन्हें बेहतर से बेहतर ईलाज उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि एयर एम्बुलेंस से घायल कर्मचारियों को बेहतर इलाज हेतु एम्स, दिल्ली भेजा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वनाग्नि की घटना पर उनके द्वारा पूर्व में ही स्पष्ट निर्देश दिए थे कि अपने दायित्वों के निर्वाह में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से अधिकारियों को धरातल पर उतरने के निर्देश दिए जाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में जारी किए गए आदेश अनुसार प्रत्येक वन कर्मी और फायर वॉचर का बीमा कराए जाने का फैसला लिया गया है, यदि इस कार्य में भी कोई लापरवाही बरती गई होगी तो आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। बिनसर वन्यजीव विहार में जंगल की आग की चपेट में आने से आग बुझाने पहुंचे वन विभाग के एक वन बीट अधिकारी, दो फायर वाचर समेत चार लोगों की जलकर मौत हो गई थी। जबकि चार अभी भी गंभीर हैं। उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया। वन विभाग के अधिकारियों को टीम के जंगल में फंसे होने की जानकारी मिली तो वन क्षेत्राधिकारी मनोज सनवाल और अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे। तब तक चार लोगों की मौत हो चुकी थी।

## वनाग्नि कांड में मृतक वन कर्मियों के परिजन गमगीन, सभी शवों का किया अंतिम संस्कार

अल्मोड़ा। बिनसर सेंचुरी में हुए हादसे के दौरान मारे गए चारों कर्मियों का स्थानीय घाटों में शुक्रवार को गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद रोते बिलखते परिजन और ग्रामीण बृहस्पतिवार की रात ही अल्मोड़ा पहुंच गए थे। जहां पोस्टमार्टम की कार्रवाई होने





के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। शुक्रवार को चारों मृतकों का संस्कार उनके स्थानीय घाटों पर कर दिया गया। वन विभाग के अधिकारियों समेत क्षेत्र के लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। अल्मोड़ा के बिनसर सेंचुरी में बृहस्पतिवार को भीषण वनाग्नि में मारे गए चार कर्मियों के घरों में ग्रामीण उन्हें सांत्वना देने तो आ रहे हैं लेकिन वह उनका दर्द देखकर अपनी आंखों को भी नम होने से भी नहीं रोक पा रहे हैं। वन बीट अधिकारी बिनसर रेंज त्रिलोक सिंह मेहता जिले के उड़लगांव, बाड़ेछीना के रहने वाले थे। उनकी पत्नी प्रेमा मेहरा गृहिणी हैं। उनका एक बेटा और चार बेटियां हैं। एक बेटी का वह विवाह कर चुके हैं जबकि चार बच्चे अभी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। त्रिलोक हंसी खुशी अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे थे। बृहस्पतिवार को वह रोज की तरह अपनी ड्यूटी पर तैनात थे। दोपहर में अचानक वनाग्नि की सूचना मिली तो वह टीम के साथ मौके की ओर रवाना हुए। लेकिन उनके साथ यह दर्दनाक हादसा घटित हो गया। कलौन निवासी पीआरडी जवान पूरन मेहरा पीआरडी में तैनात थे और इन दिनों उनकी ड्यूटी वन विभाग में लग हुई थी। पूरन की पत्नी माया भी गृहिणी हैं। उनके दो बेटे हैं जिनमें से एक प्राइवेट नौकरी करता है जबकि दूसरा अभी शिक्षा प्राप्त कर रहा है। पूरन भी जैसे तैसे अपने भरे पूरे परिवार का पालन पोषण कर रहे थे। बृहस्पतिवार को हुई घटना में उन्हें भी अपनी जान गंवानी पड़ी। उनके परिवार पर अब दुखों का पहाड़ आ टूटा है। जाखसौंड़ा निवासी दीवान राम वन विभाग में श्रमिक के पद पर कार्यरत थे। पत्नी प्रेमा घर के कामकाज के अलावा खेतीबाड़ी का काम करती है। इनके तीन बच्चे हैं जो वर्तमान में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। दीवान राम पिछले 20 वर्षों से वन विभाग में दैनिक श्रमिक के रूप में काम कर अपने परिवार का गुजर बसर कर रहे थे। लेकिन उनकी मृत्यु के बाद अब इस परिवार में कोहराम मचा हुआ है। भेंटुली निवासी करन आर्या के पिता आनंद राम खेती करते हैं। जबकि उनकी पत्नी निर्मला देवी खेतीबाड़ी के काम में उनकी मदद करती है। आनंद राम के दो बेटे हैं। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण बड़ा बेटा करन पिछले तीन चार महीने से वन विभाग में श्रमिक की नौकरी कर पिता का हाथ बंटाने और छोटे भाई दीपांशु को अच्छी शिक्षा दिलाने का सपना देख रहा था। लेकिन काल के क्रूर हाथों ने करने को महज 21 साल की उम्र में ही उसे उसके परिवार से छीन लिया। बृहस्पतिवार को हुई इस घटना के बाद से इन चारों गांवों में सन्नाटा पसरा हुआ है।

## वनाग्नि से झुलसे चार वनकर्मी दिल्ली एम्स में भर्ती

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर बिन्सर वन्यजीव विहार में वनाग्नि की चपेट में आकर झुलसे चार वन कर्मियों को हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी बेस अस्पताल से दिल्ली एम्स के ट्रामा सेंटर में शिफ्ट किया जा चुका है। अब तक चारों घायलों को भर्ती किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने एम्स दिल्ली में भर्ती किए गए घायलों के परिजनों के लिए दिल्ली में ठहरने आदि की व्यवस्था के भी निर्देश स्थानीय आयुक्त श्री अजय मिश्रा को दिए हैं। केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री अजय टम्टा तथा एम्स के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास ने भी भर्ती हुए घायलों का हाल-चाल जाना तथा उनके उपचार की विस्तृत जानकारी भी ली। वहीं भारतीय वन सेवा ने प्रभावितों की मदद के लिए एक दिन का वेतन देने की घोषणा की है। वाहन चालक संघ, वन आरक्षी संघ, सहायक कर्मचारी संघ, उप वन क्षेत्राधिकारी संगठन, वन क्षेत्राधिकारी संगठन व



मिनिस्टि्यल संघ ने भी एक-एक दिन का वेतन देने की सहमति दी है। इसके अलावा मृतकों के परिजनों को दैवीय आपदा कोष से अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी। विश्व प्रकृति निधि से भी मृतकों के परिजनों को तीन-तीन लाख रुपये दिए जाएंगे। वनाग्नि में वन बीट अधिकारी बिनसर रेंज त्रिलोक सिंह मेहता (40) पुत्र नारायण सिंह, निवासी उडलगांव बाड़ेछीना, दैनिक श्रमिक दीवान राम (35) पुत्र पदी राम निवासी ग्राम सौड़ा कपड़खान, फायर वाचर करन आर्या (21) पुत्र बिशन राम निवासी कफड़खान और पीआरडी जवान पूरन सिंह (50) पुत्र दीवान सिंह निवासी ग्राम कलौन की मौके पर ही मौत हो गई। फायर वाचर कृष्ण कुमार (21) पुत्र नारायण राम निवासी ग्राम भेटुली, पीआरडी जवान कुंदन सिंह नेगी (44) पुत्र प्रताप नेगी निवासी ग्राम खांखरी वाहन चालक भगवत सिंह भोज (38) पुत्र बची सिंह निवासी ग्राम भेटुली,दैनिक श्रमिक कैलाश भट्ट (54) पुत्र बद्रीदत्त भट्ट निवासी ग्राम धनेली, अल्मोड़ा गंभीर रूप से झुलस गए।

## अल्मोड़ा के जंगलों की आग बुझाने के लिए सेना ने भी संभाला मोर्चा

नैनीताल। अल्मोड़ा के बिनसर वन्यजीव विहार में जंगल की आग ने तांडव मचाया हुआ है। गुरुवार को आग लगने से चार वनकर्मियों की मौत हो गई। जबकि चार गंभीर की हालत गंभीर है। उत्तराखंड सरकार ने जंगलों की आग बुझाने के लिए एयरफोर्स से मदद मांगी है। जिसके बाद से भारतीय वायुसेना ने मोर्चा संभाला हुआ है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वनाग्नि हादसे के बाद वन विभाग के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर बिन्सर वन्यजीव विहार की वनाग्नि पर तत्काल नियंत्रण पाने के लिए वायु सेना की मदद से पहले की तरह ही प्रभावित वन क्षेत्र पर हेलिकॉप्टर व अन्य आवश्यक संसाधनों का उपयोग कर पानी का छिड़काव करने व आग पर जल्द से जल्द काबू पाने के निर्देश दिए थे। शुक्रवार को उत्तराखंड सरकार और वन विभाग ने भारतीय वायु सेना के एमआई 17 के हेलिकॉप्टर की मदद से भीमताल झील से पानी उठाकर अल्मोड़ा के बिनसर वन्यजीव विहार के जंगलों में डालने का काम शुरू कर दिया है। हेलीकॉप्टर से शुक्रवार दोपहर दो बजे तक जंगलों में पानी डालकर रेस्क्यू अभियान चलाया जाएगा। झील से हेलिकॉप्टर द्वारा पानी उठाए जाने के चलते पुलिस ने झील में नौकायन का संचालन फिलहाल रोक दिया है। प्रदेश में 24 घंटे में जंगल की आग की 17 घटनाएं रिपोर्ट हुई हैं। इनमें गढ़वाल मंडल में सात और कुमाऊं मंडल और वन्यजीव क्षेत्र में पांच-पांच घटनाएं हुई हैं। इन घटनाओं में 33.53 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वन संपदा को नुकसान पहुंचा है। राज्य में नवंबर-2023 के बाद से अब तक जंगल की आग की 1237 घटनाएं हो चुकी हैं, इनमें 1691 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वन संपदा को नुकसान हुआ है। जंगल की आग पर नियंत्रण के लिए राज्य में वन संरक्षक स्तर से लेकर फायर वॉचर, दैनिक श्रमिक समेत 10 हजार से अधिक कर्मी तैनात हैं। वहीं, वन विभाग के पास सबसे अधिक 127 फायर अलर्ट पांच मई को आए थे, इस महीने एक जून को 76 अलर्ट मिले थे।

## पौधों की खरीद फरोख्त में हुआ करोड़ों का खेल

### सीबीआई तैयार कर रही है उद्यान घोटाले की संयुक्त रिपोर्ट

देहरादून। उत्तराखंड में उद्यान विभाग में फलदार पौधों की खरीद फरोख्त में आठ करोड़ रुपये से ज्यादा का घोटाला पाया गया है। यह रकम पौधों की दरों में मनमाने तरीके से बढ़ोतरी कर सब्सिडी के रूप में इधर से उधर की गई



है। यही नहीं एक नर्सरी का तो दूसरे पैन कार्ड पर नया खाता खुला और एकाएक उसमें करीब सवा करोड़ रुपये जमा कर दिए गए। सीबीआई की जांच में इस पूरे घोटाले में मास्टरमाइंड पूर्व निदेशक बवेजा और उनका एक नर्सरी चलाने वाला परिचित बताया जा रहा है। तीनों मुदकमों में सीबीआई ने अब विवेचना शुरू कर दी है। इसके आधार पर अब आने वाले समय में कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की गिरफ्तारी भी संभव है। बता दें कि एक सामाजिक कार्यकर्ता के संघर्ष से प्रदेश के इस बड़े घोटाले का पर्दाफाश किया गया था। मामले में स्थानीय स्तर पर एसआईटी का गठन भी किया गया लेकिन हाईकोर्ट के आदेश पर इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी गई। सीबीआई ने तकरीबन आठ माह तक इसमें प्राथमिक जांच की और दो दिन पहले पूर्व निदेशक एचएस बवेजा समेत 15 नामजद अधिकारियों, कर्मचारियों और नर्सरी संचालकों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कर लिए। सीबीआई के अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक पूरा मामला लगभग आठ करोड़ रुपये के घोटाले का है। इस घोटाले को कई तरीके से अंजाम दिया गया है। इसमें प्रमुख रूप से पौधों की वास्तविक दरों में बेतहाशा मनमाने तरीके से वृद्धि की गई। इसके बाद इसी हिसाब से सब्सिडी का भुगतान किया गया। एक-एक नर्सरी को लाखों पौधों का ऑर्डर दिया गया। इस तरह जिस नर्सरी को केवल 50 लाख रुपये का भुगतान होना था उसे नई दरों के हिसाब से एक करोड़ से सवा करोड़ रुपये तक का भुगतान हुआ। यही नहीं निम्न गुणवत्ता वाले जिन पौधों की दरें विभाग ने ही 150 रुपये तय की थी। उन्हें मनमाने तरीके से 465 रुपये प्रति पौधा की दर से खरीदा गया। इस तरह जम्मू कश्मीर की बरकत एग्रो फार्म नर्सरी को तीन गुना अधिक भुगतान किया गया। बताया जा रहा कि इस पैसे की बंदरबांट अधिकारियों के बीच की गई। यही नहीं तत्कालीन सीएचओ नैनीताल आरके सिंह ने फारुक अहमद डार और साजाद अहमद के साथ मिलकर एक और खेल खेला। इन्होंने सेब के पौधों की झूठी रसीद बनाई और 1.71 करोड़ रुपये नर्सरी को ट्रांसफर कर दिए गए। इस पैसे में 17 लाख रुपये 73 हजार पौधों की खरीद के आरके सिंह के बेटे सुनील सिंह के बाजपुर स्थित एक्सिस बैंक के खाते में ट्रांसफर किए गए। जांच में सामने आया कि नैनीताल के सीएचओ आरके सिंह ने अपने बेटे के खाते में तो पैसा लिया ही। साथ ही साथ फारुक डार से 43 लाख रुपये नकद भी हासिल किए। यह रकम सिंह को विभिन्न तारीखों में दी गई। सूत्रों के मुताबिक इस रकम में से काफी बड़ा हिस्सा पूर्व निदेशक एचएस बवेजा को भी मिला था। सीबीआई ने बृहस्पतिवार को सभी आरोपियों से पूछताछ की थी। इसके अलावा इन सभी के ठिकानों पर तलाशी भी ली गई। इस दौरान सभी के बैंक खातों और लॉकर आदि की भी जांच की गई। सभी टीमें अन्य प्रदेशों से भी अब उत्तराखंड लौट आई हैं। ऐसे में अब सीबीआई एक संयुक्त रिपोर्ट तैयार कर रही है। बताया जा रहा है कि आरोपियों के पास से बड़ी संख्या में दस्तावेज बरामद हुए हैं।

## बनमीत की जमानत अर्जी खारिज

देहरादून। अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स माफिया बनमीत नरूला की स्पेशल ईडी कोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज कर दी। बचाव पक्ष की ओर से यह कहकर जमानत मांगी थी कि बनमीत अमेरिका में सजा भुगत चुका है। ईडी ने विरोध में मजबूत तर्क रखते हुए कहा कि बनमीत ने भारत आने के बाद भी अपराध किया है। इसी के तहत मनी लॉन्ड्रिंग का मुकदमा दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि हल्द्वानी के बनमीत नरूला को गत 29 मई को गिरफ्तार किया गया था। ईडी ने कस्टडी में लेकर सात दिन पूछताछ की। न्यायिक अभिरक्षा में जाने के बाद ईडी ने फिर से दो दिन की कस्टडी रिमांड हासिल की और पूछताछ की गई। ईडी ने बनमीत से अमेरिका, यूरोप में किए गए अवैध ड्रग्स के धंधे और भारत में उसके निवेश के संबंध में जानकारी जुटाई है। अब बनमीत की ओर से स्पेशल ईडी कोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल की गई थी। बनमीत की ओर से अधिवक्ता अशोक कुमार और गौरव सेठ ने अदालत को बताया कि ईडी ने बनमीत को गैरकानूनी ढंग से गिरफ्तार किया है। बनमीत ने अपराध भारत के बाहर किया और इसकी सजा उसने अमेरिका में पांच साल की भुगत ली है। बनमीत के भाई के पास से जो बिटकॉइन मिले हैं, उनका बनमीत से लेना देना नहीं है। यह न तो बनमीत ने स्वीकार किया और न ही उसके भाई ने अपने बयानों में बताया। इस पर ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक डीपी सिंह और विधिक परामर्शी शालिनी ने जमानत का विरोध किया। इन्होंने अदालत को बताया कि बनमीत ने विदेश में जो अपराध किया उसकी सजा उसे वहां मिली। इसे भारत में समायोजित नहीं किया जा सकता। बनमीत के खिलाफ मुकदमा भारत में किए अपराध के संबंध में दर्ज हुआ है। बनमीत 25 अप्रैल को भारत लौटा था। इसके बाद उसके खाते में 10 करोड़ रुपये से अधिक विदेशों से ट्रांसफर किए गए। जबकि, 4250 बिटकॉइन भी उसके भाई के पास से मिले हैं। यह सब उसने ड्रग्स तस्करी से ही अर्जित किए हैं। ऐसे में ईडी की यह कार्रवाई तर्क संगत है। ईडी की ओर से पेश किए गए इन तर्कों के आधार स्पेशल ईडी जज (जिला न्यायाधीश) प्रेम सिंह खिमाल की कोर्ट ने बनमीत को जमानत देने से इन्कार कर दिया।

# घायल महिला श्रमिक ने फैक्ट्री प्रबंधन से लगाई मदद की गुहार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित फेक्ट्री में कार्य के दौरान प्रेस मशीन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हुई महिला श्रमिक ने प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। गुलाबो देवी पत्नी विनोद निवासी ठाकुर नगर, ट्रांजिट कैम्प का कहना है कि वह सिडकुल की एक इंजीनियर कम्पनी



में हेल्पर पद कार्य करती है। 21 मई को उसे जबरन फेक्ट्री में प्रेस मशीन चलने के लिए बैठा दिया गया। कार्य के दौरान उसके दाये हाथ की दो उँगली मशीन की चपेट में आकर कट गईं। जिसके ईलाज में 25 हजार का खर्च आया है। उसने बताया कि कई बार कहने के बाद कम्पनी ने ईलाज में केवल दस हजार रूपये का योगदान दिया है और बोल रहे है कि कम्पनी काम करने आओ तब ही बाकी पैसे देगे तथा ईलाज करेगे। गुलाबो का कहना है कि अंगुलियों में चोट होने के कारण वह कार्य करने में खुद को असमर्थ महसूस कर रही है। लेकिन फेक्ट्री प्रबंधन उसकी कोई मदद नहीं कर रहा है। जिससे उसके समक्ष परिवार के भरण पोषण की समस्या आ रही है। उसने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

# व्यापार मण्डल की सदस्यता के लिए लगाया जाये कैंप: प्रमोद

किच्छा(उद संवाददाता)। व्यापार मण्डल चुनाव के लिए समिति के गठन के उपरांत चुनाव लड़ने वाले दावेदारों के विभिन्न प्रकार के सुझाव समिति के सामने आ रहे हैं। चुनाव समिति के कुछ निर्णयों पर प्रत्याशियों के मन में शंका उत्पन्न हो रही है। अध्यक्ष



पद के प्रबल दावेदार प्रमोद ठकराल ने समिति के उस निर्णय को बदलने की बात कही है जिसमें उन्होंने व्यापारियों के सदस्यता अभियान के लिए कैंप लगाने की मनाही कर दी है। प्रमोद ठुकराल का कहना है कि जब से किच्छा का नगर व्यापार मंडल बना है तब से कैंप लगाकर व्यापारियों के वोट बनाए जाते रहे हैं। यह पहली बार हुआ है जब सदस्यता अभियान के लिए कैंप लगाने से इनकार कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि कैंप लगाने से व्यापारियों में संगठनात्मक एकता का उद्भव होता है तथा कैंप से ही व्यापारी चुनाव प्रक्रिया के विषय में पूर्ण जानकारी एकत्रित कर लेते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि गर्मी की वजह से व्यापारियों के सदस्यता अभियान हेतु कैंप लगाने में दिक्कत आ रही है तो चुनाव का समय बढ़ाया जा सकता है तथा गर्मी कम होने के समय नगर व्यापार मंडल के चुनाव कराए जा सकते हैं। उन्होंने चुनाव संचालन समिति से निवेदन किया है कि व्यापारियों की समस्याओं को देखते हुए नगर में सदस्य अभियान हेतु कैंप अवश्य लगाएं।


क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-

विजय आयुर्वेद क्लीनिक पंचकर्म सेन्टर

निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-

पार्किसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग

असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।

DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970

DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग

मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)

होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड


# सेवा क्रांति ट्रस्ट ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर सेवा क्रांति ट्रस्ट द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 10 यूनिट ब्लड एकत्र हुआ। शहीद उधम सिंह मेमोरियल ब्लड बैंक में आयोजित इस शिविर में इसरार,ज्योति ठाकुर, राहुल कोली, राजू , मनीष कोली, तनु कौर, शारिक, कंचन सिंह, नीतू कौर, दिनेश, सेवा क्रांति ट्रस्ट के अध्यक्ष रामवीर यादव ,उपाध्यक्ष अलका अरोरा ने अपनी पूरी टीम के साथ रक्तदान किया।ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए रूद्रपुर पहुंची वरिष्ठ समाज सेवी डॉ.रेनू शरण और डॉ मनदीप सिंह ने सर्व प्रथम उपस्थित रक्तदाताओं को बधाई दी।कहा कि रक्त दान महादान है हम सभी स्वस्थ जीवन जीने वाले लोगों को हर तीन महीने में रक्त दान देना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से हम किसी को जीवनदान दे सकते हैं। ट्रस्ट टीम द्वारा कोई स्वेच्छा से रक्त दान करना चाहते है तो 7500600251, 983758519 पर संपर्क कर सकते हैं। ट्रस्ट का उद्देश्य जरूरत मंद लोगों को ब्लड सेवा,रक्त दान करना है। इस अवसर पर ट्रस्ट के सभी सम्मानित जन उपस्थित रहे।









# किच्छा व्यापार मण्डल अध्यक्ष पद के लिए विजय अरोरा ने ठोकी दावेदारी

किच्छा(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष पद पर निवर्तमान महामंत्री विजय अरोड़ा ने ताल ठोक दी है और अपना प्रचार प्रसार प्रारंभ कर जीत हासिल करने के लिए रणनीति बनाना शुरू कर दिया है। उत्तरांचल दर्पण से वार्ता करते हुए व्यापार मंडल के निवर्तमान महामंत्री विजय अरोड़ा ने कहा कि उनके महामंत्री के कार्यकाल के दौरान नगर में व्यापारियों की समस्याओं को लेकर उनके द्वारा किए गए कार्यों के चलते तथा व्यापारियों द्वारा अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने का आह्वान करने के बाद ही उन्होंने अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है।महामंत्री के कार्यकाल



में उनके द्वारा व्यापारियों के हितों के लिए तमाम विभागों में पैरवी करते हुए कानून का भी सहयोग लिया तथा व्यापारियों की समस्याओं के लिए संघर्ष किया। यदि व्यापारियों द्वारा उन्हें अध्यक्ष चुना जाता है तो वह व्यापारी हितों की रक्षा के लिए हमेशा संघर्ष करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं हेतु एक ठोस रणनीति बनाने की आवश्यकता है तथा सरकार को भी व्यापारियों को उत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाएं लागू करने की जरूरत है। विकास की दौड़ में किच्छा का व्यापारी अभी बहुत पीछे है। किच्छा के व्यापारियों के व्यापार को गति देने के लिए सरकार को चाहिए कि विभिन्न उद्योग धंधे व व्यापारिक प्रतिष्ठानों को किच्छा तहसील के अंतर्गत रिक्त पड़ी भूमियों में स्थापित कराया जाए ताकि किच्छा के व्यापारियों को व्यापार में लाभ मिल सके।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ने सुनी समस्याएं

किच्छा(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष नगर पालिका परिषद किच्छा अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार श्रीकांत राठौर द्वारा सुनहरी स्थित अपने कैंप कार्यालय परजनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें फरियादियों ने अपने विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु सहयोग करने की अपील की । पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष श्रीकांत राठौर ने सभी फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए उनकी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया तथा दर्जन भर समस्याओं के समाधान के लिए अपने कर्मचारियों को भेज कर निराकरण कराया। अधिकांश फरियादियों की समस्याओं में विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, स्थाई निवास, विद्युत कनेक्शन, जल कनेक्शन, नाली, सड़क, खड़ंजे सहित विभिन्न समस्याओं को रखा गया।फरियादियों को आश्वस्त करते हुए श्रीकांत राठौर ने कहा कि जितनी भी समस्याएं आई है उन समस्याओं को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर स्वयं विभागों में जाकर हल करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर में विभिन्न क्षेत्रों के लोग अभी भी मूलभूत समस्याओं से पर कैंप लगाकर समस्याएं सुनी जा रही है किंतु अधिकांश समस्याओं के निराकरण में विलंब हो रहा है। उन्होंने आम जनता से भी अपील की है कि संबंधित विभाग के अधिकारियों से मिलकर लगातार संपर्क बनाकर अपने



जूझ रहे हैं पूर्व के जनप्रतिनिधियों द्वारा आम जनता के लिए जनता दरबार लगाकर समस्याओं का निराकरण नहीं कराया गया है। तहसील प्रशासन द्वारा जनता दरबार लगाकर या मंगल दिवस समस्याओं के समाधान हेतु जागरूक रहें यदि किसी विभाग में उनके समस्या के निराकरण हेतु कोई रुकावट आती है तो वह सीधे उनके कैंप कार्यालय में उनसे जाकर अपने समस्याएं रख सकते हैं।

# आपदा कार्यो के लिए 50 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में आपदा मद के तहत होने वाले कार्यो के लिए 50 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की है। इस धनराशि से सभी जिलों में क्षतिग्रस्त मार्गों, पुलियाओं, पेयजल लाइनों आदि के कार्य किए जाएंगे। स्वीकृत धनराशि के तहत सड़कों के लिए लोक निर्माण विभाग को 30 करोड़ रुपए तथा पेयजल के लिए 20 करोड़ रुपए की धनराशि प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने सभी जिलाधिकारियों को आदेश दिए हैं कि आसन्न मानसून सीजन को देखते हुए सभी कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण कर लिए जाएं। इसमें किसी भी स्तर पर कोताही न बरती जाए। पैदल मार्गों और पुलियाओं की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता से किया जाए।

# बाल तस्करी रोकने में समाज की भागीदारी आवश्यक : गीता

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती गीता खन्ना की अध्यक्षता एंव मुख्य अतिथि के रूप में विकास भवन के सभागार में बाल की भागीदारी आवश्यक है। उन्होने कहा कि समाज में चेतना जगाने के लिए राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें उत्तराखण्ड के सात जिलों को चिन्हित उन्होने कहा कि आयोग द्वारा सम्बन्धित विभागों को प्रशिक्षण भी समय समय पर दिया जा रहा हैं। उन्होने कहा कि आज के समय तस्कारी को रोकने के लिए समाज का आर्थिक व सामाजिक हो रहा है। श्रीमती खन्ना ने कहा कि 14 वर्ष की आयु से ऊपर के बच्चें अपनी शिक्षा के जुड़े हुए यदि कोई कार्य कर रहे है तो उन्हे प्रशिक्षण के तौर पर करने दे सकते है किन्तु 14 वर्ष जैन के द्वारा बाल तसकरी बाल श्रम पर पी०पी०टी० के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई तथा बच्चों में मादक पदार्थों के सेवन की रोकथाम करने हेतु बल दिया गया, जिसमें अवगत कराया की आवश्यकता है।इस अवसर पर सदस्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग विनोद कपरवाण, अनु सचिव डॉ0 एस के सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत, एआटीओ प्रशासन





तस्करी से आजादी अभियान 2.0 की संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। अध्यक्ष श्रीमती खन्ना ने कहा कि बाल तस्करी व अन्य किसी भी प्रकार की तस्करी को रोकने के लिए समाज किया गया है। उन्होने कहा कि पुलिस, आंगनबाड़ी, समाज कल्याण, शिक्षा, श्रम, प्रवर्तन आदि विभागों के साथ समन्वय बना कर तस्करी को रोकने के सभी सम्भव प्रयास किये जा रहें है। स्तर में भी सुधार की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि शोसल मीडिया में अतिव्यस्तता व अभिभावकों के कम ध्यान देने के कारण भी किशोर वर्ग व विभिन्न प्रकार की तस्करी का शिकार की आयु से छोटे बच्चों को नही। उन्होने तस्करी से छुड़ाये गये बच्चों को शिक्षा से जोड़ने तथा उनकी मॉनिटरिंग करने के निर्देश शिक्षा अधिकारी को दिये। जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा गया कि आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे एवं जिन बच्चो के माता पिता कार्यलय/दैनिक कार्यों से घर से बाहर रहने पर बच्चों के अन्दर कुप्रवृत्ति विकसित हो रही है, जिसके रोकथाम चक्रपाणी मिश्रा, एएलसी अरविन्द सैनी, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति प्रेमलता सिंह, एसीएमओ डॉ हरेन्द्र मलिक सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# कबाड़ के गोदामों में भड़की आग, दो घर जले

## बगवाड़ा में स्क्रैप के कई गोदामों में आग लगने से करोड़ों का नुकसान, विधायक शिव और बेहड़ पीड़ितों से मिले





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा हाइवे के पास स्क्रैप के कई गोदामों में भीषण आग लग गई। इस दौरान चलीं तेज हवाओं से आग फैलते हुए समीप के बिगवाड़ा भट्टा में बने दो कच्चे मकानों तक पहुंच गई। आग की लपटों को देखते हुए आसपास के आधा दर्जन घरों को खाली करा दिया गया। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया। आग से करोड़ों रुपये का नुकसान होने का अंदेशा है। स्क्रैप के गोदाम से आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों के साथ ही बिगवाड़ा से बड़ी संख्या में लोग मदद के लिए पहुंच गए। उन्होंने आग बुझाने में दमकलकिर्मियों का सहयोग किया। कुछ लोगों ने बाल्टियों से आग बुझाई तो कुछ लोग दमकलर्मियों का पाइप पकड़कर मदद में जुटे रहे। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। इधर आग के चलते किच्छा हाइवे पर भी अफरातफरी रही और कई बार यातायात बाधित हुआ। जाम खुलवाने में पुलिस और परिवहन विभाग के कर्मचारी तैनात रहे। अग्निकांड की सूचना मिलने पर विधायक शिव अरोरा और किच्छा विधायक



तिलकराज बेहड़ भी घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने घटना के बारे में जानकारी ली। उन्होंने आग की चपेट में आए दो घरों के पीड़ित परिवारों से वार्ता की। विधायक शिव अरोरा ने गीता देवी और जगिया को शासन से आर्थिक मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अस्पताल और बस्तियों के आसपास कबाड़ के गोदाम होना स्थानीय लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से उचित नहीं है। किच्छा रोड पर मेडिसिटी अस्पताल के पास स्क्रैप के गोदाम हैं। इन गोदामों में बड़ी संख्या में प्लास्टिक के ड्रम, पॉलीथिन, टिन, लोहा, तांबा, पीतल सहित काफी स्क्रैप भरा है। शुक्रवार दोपहर करीब ढाई बजे पहाड़गंज निवासी जफीर अहमद के गोदाम में अज्ञात कारणों से आग लग गई। तेज हवा चलने से आग ने विकराल रूप ले लिया और डरावनी लपटों के साथ आग बढ़ती चली गई। आग ने मो. सलीम, मो. अहमद, जमील अहमद, अय्यूब, सलीम, मो. सलीम, हाजी महमूद, भोला, भूतबंगला निवासी इमरान नानी, बगवाड़ा निवासी रंजीत सिंह के गोदाम को भी चपेट में ले लिया। इसके बाद आग ने बिगवाड़ा भट्टा में बने गीता देवी और जगिया के टिनशेडनुमा मकान को जद में ले लिया। इससे घरों में रखा फर्नीचर, वाशिंग मशीन, फ्रिज, टीवी, अनाज, कपड़े, गहने आदि सामान जलकर गया है। सूचना पर सीएफओ की अगुवाई में टीम आग बुझाने में जुट गई। रुद्रपुर के अलावा पंतनगर, किच्छा, गदरपुर के अलावा तीन कंपनियों से दमकल वाहन मंगाए गए। शाम करीब सात बजे दमकल कर्मी आग बुझाने में सफल हो पाए इस दौरान एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, सीओ निहारिका तोमर के साथ ही भारी पुलिस बल तैनात रहा। स्क्रैप कारोबारियों ने आग से करोड़ों की क्षति का अंदेशा जताया है। इधर, गोदामों के आसपास करीब आधा दर्जन मकानों को खाली करा दिया गया। लोग घरों में रखा सामान निकालकर हाइवे किनारे लेकर पहुंच गए थे। गोदामों की आग को देख आसपास के आधा दर्जन मकानों को लोगों ने खाली कर दिया। सामान निकालकर या तो सड़कों पर रखा या फिर अपने परिचितों के यहां जा पहुंचे। आग की वजह से अफरा तफरी का माहौल रहा। एनएच-74 हाइवे किनारे रहने वाले परिवार सड़क आ खड़े हुए। वहीं, कई दुकानदार भी अपनी दुकानों को बंद कर बाहर निकल आए। स्क्रैप के गोदामों में आग लगी तो पास की ही कालू जैन की फैक्टरी तक पहुंच गई लेकिन दीवारें होने की वजह से आग फैक्टरी के भीतर नहीं पहुंची। इससे फैक्टरी बाल-बाल बच गई। दमकलकर्मियों ने फैक्टरी के छज्जे पर खड़े होकर आग पर काबू किया। बगवाड़ा निवासी किसान विक्रमजीत सिंह ने बताया कि इससे पहले भी दो बार आग लग चुकी है। विक्रमजीत सिंह ने बताया कि दिन में आग की घटना होने की वजह से जनहानि नहीं हुई। अगर यही घटना में रात में होती तो लोग घरों सोए होते। भारी जानमाल की हानि होती। उन्होंने गोदामों को आबादी के बीच से हटाने की मांग की।

## विधायक ने पीड़ितों को बंधाया ढांढस

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मेडसिटी हॉस्पिटल के पीछे कबाड़ के गोदाम में लगी भीषण आग की सूचना पर विधायक शिव अरोरा ने घटना स्थल पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों व उसके आस पास रहने वाले लोगो से मुलाकात कर उनको हिम्मत बंधाई। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि इस भीषण गर्मी में आये दिन अग्निकाण्ड की घटना सामने आ रही है । गनीमत रही कि आग लगने से जान माल का नुकसान नहीं हुआ और कबाड़ के कारण आग ने इतना विक्रराल रूप लिया की बमुश्किल आग पर काबू पाया गया। विधायक ने आग की चपेट में आये गोदाम से सटी हुई बस्तियों के लोग जो इससे प्रभावित हुए,उनके बीच



जाकर विधायक उनका हाल जाना और हर सम्भव मदद हेतु भरोसा दिया। विधायक ने अधिकारियों से कहा की हॉस्पिटल व बस्तियों के आस पास कबाड़ के गोदाम होना वहां के स्थानीय लोगो की सुरक्षा की दृष्टि से उचित नहीं है। इस दौरान भाजपा नेता सुशील गाबा, कुलविंद्र सिंह, परमिन्द्र सिंह, जितेंद्र संधू, रचित सिंह, वासु गुम्बर,एसओ भरत सिंह, फायर कर्मी व अन्य लोग मौजूद रहे।

## गावा ने पीड़ित को सौंप दिया अपना पर्स

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अग्निकांड में गोदामों के सबसे नजदीक वृद्धा गीता देवी का मकान था, जो कि अग्निकांड में बुरी तरह से चपेट ने आ गया। उसमें वृद्धा द्वारा अपनी बेटी रूबी की शादी हेतु जुटाया सामान भी जलकर राख हो गया। नुकसान से बदहवास वृद्धा को रोता बिखलखता देख समाजसेवी सुशील गाबा की आंखें भी नम हो गयी। उन्होंने हजारों रुपयों से भरा अपना पूरा पर्स वृद्धा को सौंप दिया। साथ ही शादी में भी हरसंभव मदद का वादा भी किया। इसके बाद एक और वृद्धा जगिया देवी भी रोती बिलखती सामने आ गयी उसने जब यह कहा कि उसके पास तो रात के खाने के लिए भी कुछ नहीं बचा, तो गाबा भी रुआंसे हो उठे क्योंकि उनके



पास अब मदद देने के लिए फूटी कौड़ी भी नहीं थी। तभी गाबा की नजर पास खड़े जितेंद्र संधू पर पड़ी, तो सुशील गाबा ने उनसे एक हजार रूपए उधार लेकर दूसरी वृद्धा जगिया देवी को देकर मानवता का कर्तव्य निभाया।

## वीरांगना ग्रुप ने लगाया रक्तदान शिविर

### शिविर में आये लोगों की नेत्र व दंत रोगों की चिकित्सकों द्वारा जांच भी करवाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वीरांगना ग्रुप द्वारा आज सिटी क्लब में जनहित में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रक्तदान के अलावा शिविर में आये लोगों की नेत्र व दंत रोगों की कुशल चिकित्सकों द्वारा जांच भी करवाई गई। वीरांगना ग्रुप की अध्यक्षा रेनू अरोरा ने बताया कि शिविर में जिन लोगों द्वारा रक्तदान किया गया उनमें रवि पाण्डेय, चेतन धीर, अपूर्व बांगा, पूजा सिक्का, अर्चना गर्ग, गुरविन्दर कौर, कोनिका धीर, रचना डंग, आरती गक्खर आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में श्रीराम आई हास्पीटल के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डा. अशोक गर्ग ने लोगों के नेत्रों की जांच की वहीं दंत रोग विशेषज्ञ डा. शिवम रस्तोगी व डा. मानसी बंसल ने लोगों के दांतों की जांच की। इस दौरान लोगों को नि:शुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। रेनू अरोरा ने बताया कि वीरांगना ग्रुप गरीब परिवारों व उनकी कन्याओं के विवाह में सहायता करता है। इस मौके पर दिव्या अरोरा, उर्वशी गाबा, संगीता बांगा, स्वाति कक्कड़, कृतिका बठला, पूर्वी गुप्ता, प्रीति सलूजा, रोजी मल्होत्रा, कोनिका धीर, सुनीता चावला, नीरू अरोरा, रचना डंग आदि मौजूद थे।






# रन फॉर योगा और गोष्ठी आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवा विभाग उधमसिंह नगर द्वारा योग दिवस आयोजन की तैयारी की जा रही हैं। इसी क्रम में गांधी पार्क में श्रन फॉर योगाश और श्योग संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे जिला स्तरीय अधिकारी, स्कूली बच्चों, अनेकों विभाग के कार्मिक एवं क्षेत्रीय जनता ने प्रतिभाग किया एवं योग विषयक जानकारी प्राप्त की। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी उधमसिंह नगर डा. आलोक कुमार शुक्ला द्वारा योग के महत्व के विषय में बताया गया एवं क्षेत्रीय जनमानस को नियमित योग के लिए प्रेरित किया गया। रन फॉर योगा कार्यक्रम के प्रथम तीन प्रतिभागियों पंकज, अभय एवं अर्पित को सम्मानित कर स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। नोडल अधिकारी डा. विरेन्द्र सिंह रौतेला ने बताया कि प्रदेश स्तर पर प्रति दिवस प्रात: 6. 30 से 7.30 बजे तक ऑनलाइन योग प्रोटोकॉल के अभ्यास का कार्यक्रम जारी है। जिसमें कोई भी ऑनलाईन माध्यम से प्रतिभाग कर सकता है। रन फॉर योगा के साथ ही कार्यक्रम में योग संगोष्ठी का आयोजन भी हुआ। जिसमें वक्ताओं ने अपने विचार रखे योग से जनमानस को क्या-क्या लाभ प्राप्त होते है विस्तार से समझाया।डा० आलोक कुमार शुक्ला द्वारा बताया गया कि मुख्य योग दिवस कार्यक्रम जो कि 21 जून को होना है हेतु मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विधायक रूद्रपुर श्री शिव अरोरा जी को आर्मंत्रित किया गया है।कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई विभाग सुशील कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा. राकेश आर्या, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग प्रकाश पांण्डेय, डीओ पीआरडी राकेश रावत,डा. राकेश चिलाना, डा. प्रतिभा सती, डॉ. दीपक कुमार, डा. धर्मेन्द्र सोनी,डा.ऋषि, डा. सुनेन्द्र पपनेजा, रमेश चन्द्र जोशी, आरती किमोठी, पंकज कुमार,मनोज जोशी, राहुल पुरोहित, नूतन, सूरज आदि कार्मिक मौजूद रहे।





# नेशनल फेसिंग प्रतियोगिता में सार्थक ने जीता मेडल

रूद्रपुर। उड़ीसा के कटक में आयोजित नेशनल फेंसिंग प्रतियोगिता में सार्थक जैन ने अपनी केटेगिरी में अंडर 12 में ब्रांज मेडल जीता है। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित 12 वी मिनी एवं चाइल्ड नेशनल फेंसिंग प्रतियोगिता में देश भर के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। सार्थक जैन डीपीएस स्कूल में कक्षा 7वी का छात्र है। उत्तराखण्ड



के कुमाऊं मंडल से एक मात्र सार्थक का चयन इस प्रतियोगिता के लिए हुआ था ,जिसमे सार्थक ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर शहर का नाम रोशन किया है। सार्थक अपने कोच अनुराग चौधरी के सानिध्य में फेसिंग के गुर सिख रहा है। साथ की इस सफल्ता के बाद सार्थक के परिजनों को लगातार बधाईयों का सिलसिला जारी है।

# कार्यशाला में सिखाये लोक कला के गुर

दिनेशपुर( उद संवाददाता)। चित्रा आर्ट्स एकेडमी में उत्तराखंड की लोक कला ऐपण की वर्कशॉप आयोजित की गयी। शुक्रवार को नगर पंचायत की निवर्तमान



अध्यक्ष सीमा सरकार व अकेडमी के डायरेक्टर दीपक घोष ने संयुक्त रुप से एकेडमी में लोक कला और संस्कृति विषय पर एक दिवसीय नि:शुल्क कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला में बच्चों को राज्य की समृद्ध संस्कृति की जानकारी दी गई। साथ ही चित्रकला और नृत्य कलाओं के गुर सिखाएं गए। एकाडमी के एमडी दीपक घोष का कहना है की जीवन में सफलता के लिए बच्चों में पढ़ाई के साथ -साथ कोई भी एक कला का ज्ञान अवश्य होना चाहिए। इसी उदेश्शय से नि:शुल्क कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में बच्चों के साथ अविभावको ने भी भाग लिया। वहां आकांशा पाल, दिनेश सिकदार, अमृता चन्द्रवंशी, कृष्णा पवार, मिथुन हालदार, खुशी सरकार, बशिष्ट तरफदार आदि थे।

# जल आपूर्ति की समस्या को लेकर विधायक ने किया भ्रमण

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में अमृत योजना के अन्तर्गत लगे घर घर जल कनेक्शन व पानी की आपूर्ति न होने के चलते सभी वार्डो का वह के स्थानीय लोगो व अमृत योजना अधिकारियों के साथ मौका मुआयना किया। जहाँ जनता ने पानी की सप्लाई न होने व पाइप लाइन डालने बाद भी योजना का सही लाभ नहीं मिलने की बात कही । जनता में इसको लेकर काफी रोष भी नजर आया। जिसको लेकर विधायक शिव अरोरा ने अधिकारियों के सुस्त रवैये पर अपनी नराजगी जाहिर की इतनी भीषण गर्मी मे लोगो को जल संकट से जूझना पड़े और रात रात जागकर पानी भरना पड़े ऐसी कार्य प्रणाली रुद्रपुर विधानसभा मे नहीं चलेगी। विभाग सुनिश्चित कर ले दो सप्ताह के



अंदर जहाँ जहाँ पानी की समस्या लीकेज ब्लॉकेज हो रही है उनको ठीक करवाकर जल सप्लाई को सुचारु कराना सुनिश्चित करे। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वकांक्षी अमृत योजना का लाभ जनता तक ठीक प्रकार पहुचे यह विभाग के लोगो सुनिश्चित कर लें। भ्रमण के दौरान नगर निगम द्वारा लगाये गये हेंडपम्प भी कई वार्डो जिसमे राजा कालोनी, शिव नगर, कृष्णा कालोनी, जगतपुरा मुखर्जीनगर, अरविंद्र नगर, नारयण कॉलोनी मे या तो पानी नहीं दे रहे या पानी आ रहा है तो पीने योग्य नहीं है ऐसे 35 नल रिपेयर या नये सिरे से बोर हो इसके लिए विधायक शिव अरोरा ने मौके पर नगर निगम के एक्शियन को ठीक करवाने के निर्देश दिये। विधायक अरोरा ने कहा कि इस समय जनता को जल संकट से काफी जूझना पड़ रहा है ऐसे मे हमारा प्रयास है की जल आपूर्ति जनता को ठीक प्रकार से हो ओर यह सभी कार्य दोनों विभाग समय रहते पुरे कर ले। इस दौरान अमृत योजना एक्सीयन शिवम दुबे, नगर निगम एक्सीयन सौरभ यादव, इंजिनियर जस्वीर सिंह , मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, धीरेन्द्र मिश्रा, राधेश शर्मा, निमित्त शर्मा, मुकेश रस्तोगी, मयंक कक्कड़, राजेंद्र राठौर, कैलाश राठौर, शम्मी गुप्ता, डी के गंगवार, शिव कुमार गंगवार, आदेश भारद्वाज , सुशील गाबा, सोनू वर्मा, अनीता ब्रेठा, वेद प्रकाश व अन्य लोग मौजूद रहे।

# चोरी की 11 बाइकों के साथ दो वाहन चोर गिरफ्तार

गदरपुर( उद संवाददाता)। वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 11 मोटरसाईकिलें बरामद की है। खुलासा करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने बताया कि वाहन चोरी की घटनाओ के अनावरण तथा अभियोग से संबन्धित अभियुक्तो की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना गदरपुर पुलिस की टीम का गठन किया गया था। टीम ने मजरा शीला गदरपुर से आने वाले संदिग्ध मोटर साईकिल सवार दो व्यक्तियो विक्की बजाज पुत्र स्व0 ठाकुर दास निवासी बस अड्डा कॉंलोनी थाना गदरपुर एवं मनोज शर्मा पुत्र विजय कुमार शर्मा निवासी दुम्काबगर बच्ची धर्मा कॉंलोनी हल्दूचौड थाना लालकुँआ पकड लिया। पूछताछ में दोनों ने वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की और उनकी निशानदेही पर कुलवन्तनगर बैराज से करीब 100 मीटर पहले बायीं तरफ बेर की झाडियों से 10 अन्य मोटर साइकिलें बरामद की गयी जिनमें 2 मोटर साईकिलें स्पलेन्डर प्लस रुद्रपुर फल सब्जी व एक मोटर साईकिल विशाल मेगा मार्ट व एक अन्य दिनेशपुर मैन बाजार से चोरी किया जाना व एक अन्य मो0सा0 लालपुर किच्छा से व अन्य 5 मो0सा0 रुद्रपुर नगर क्षेत्र काशीपुर हाइवे से चुराई गयी थी। दोनों अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के बाद न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की गयी। खुलासे पर एसएसपी ने थाना पुलिस की टीम की पीठ थपथापाई। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान,उपनिरीक्षक मुकेश मिश्रा,कांस्टैबल बलवन्त सिंह,इरशाद उल्ला,दर्शन सिह,कांस्टैबल संजय कुमार, कांस्टेबलमनोज कुमार शामिल थे । पत्रकार वार्ता में एएसपी अभय प्रताप सिंह, सीओ अनराम मौजूद रहे ।





# एसआई मुकेश मिश्रा और कांस्टेबल इरशाद होंगे सम्मानित

गदरपुर( उद संवाददाता)। थानाध्यक्ष जसवीर चौहान के नेतृत्व में उप निरीक्षक मुकेश मिश्रा एवं कांस्टेबल इरशाद ऊल्लाह खान को बेहतरीन काम के लिए सम्मानित किया जायेगा। जहां एक और गदरपुर पुलिस बड़े-बड़े खुलासों से कोसों दूर नजर आती थी वहीं वर्तमान में थाना गदरपुर में कार्यरत उप निरीक्षक मुकेश मिश्राएवं कांस्टेबल इरशाद उल्ला की सूझ बूझ और मेहनत के चलते थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान को एक के बाद एक बड़ी कामयाबी मिलती आ रही है जिले के कप्तान मंजूनाथ टीसी ने एस आई मुकेश मिश्रा और कांस्टेबल इरशाद उल्ला का नाम पुलिस मैन ऑफ द मन्थ के लिए चिन्हित किये जाने की बात कही।



# भाजपा की पूर्व पार्षद ने लगाया दुष्कर्म का आरोप

रुद्रपुर। भाजपा की पूर्व पार्षद ने वरिष्ठ भाजपा नेता के रिश्तेदार पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला ट्रांजिट कैंप क्षेत्र का है। भाजपा की पूर्व महिला पार्षद ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि वह अपने पति से विवाद के बाद दो बच्चों के साथ रहती है, पिछले दिनों उसकी संजू दत्ता नाम के युवक से मुलाकात हुई। युवक ने खुद को अविवाहित बताकर प्रेम जाल में फंसा लिया। युवक ने उससे कहा कि वह उससे शादी करेगा। आरोप है कि इसके बाद युवक ने उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने शुरू कर दिए। जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। महिला नेत्री के मुताबिक जब उसने संजू से शादी की बात कही तो वह बहाने बनाने लगा। इसी बीच युवक कहीं चला गया। बताया कि उसने जब पड़ताल कि तो पता चला कि युवक तीन बच्चों का बाप है। काफी दिनों बाद जब युवक अपने घर लौटा तो उसने फिर उससे शादी की बात कही। युवक उससे कहने लगा कि वह अपने बच्चों को नहीं छोड़ेगा,यदि वह उसके साथ रहना चाहती है तो रह ले। महिला नेत्री ने धोखधड़ी व शारीरिक शोषण के मामले में पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगायी थी। प्रभारी निरीक्षक भारत सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर आरोपी संजू दत्त के खिलाफ 376 ,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया। आरोपी भाजपा के वरिष्ठ नेता का भांजपा बताया जा रहा है।

# चोरी की हजारों की नगदी समेत दो चोर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लालकुआं पुलिस टीम ने चोरी की घटना का अनावरण करते हुए 2 शातिर चोरों को हजारों की नगदी व अन्य सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली लालकुआँ में मनोज तिवारी पुत्र स्वर्गीय दया किशन तिवारी निवासी जग्गीबंगार हल्दूचौड़ द्वारा 13 जून को थाना लालकुआं पर तारी देकर बताया गया कि उसके घर का ताला तोडकर अज्ञात चोरो द्वारा घर के अन्दर से 80000 रुपया की नकदी तथा एटीएम चेक बुक आदि चोरी कर लिया गया है। जिसके आधार पर थाना लालकुआ में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना उनि प्रेम बल्लभ जोशी को सुपुर्द की गई। घटना के खुलासे के लिए गठित पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत



लगे सीसीटीवी कैमरो का अवलोकन कर तथा तथा अन्य माध्यम से घटना में शामिल दो शातिर चोरों को स्टोन क्रेशर तिराहा हल्दू चौड़ से पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता पवन श्रीवास्तव पुत्र अनिल श्रीवास्तव मूल निवासी केशरूवा फतेहपुर उत्तर प्रदेश हाल निवासी नेगी भवन फील्ड के पीछे लालकुआं तथा दीपक अग्निहोत्री पुत्र विशाल अग्निहोत्री मूल निवासी बल्लभगढ़ सेक्टर 62 फरीदाबाद हाल निवासी हल्दुचौड़ लालकुआं बताया। तलाशी लेने पर दोनों के पास से 31500 रुपए नगद तथा चेक बुक व आधार कार्ड बरामद हुआ। दोनों ने बताया कि वह दिन में संयुक्त रूप से बंद घरों की रैकी कर उसी समय चोरी की घटना को अंजाम देने के लिये घर चिन्हित करते हुए, घर में हालात के अनुसार या तो ताला तोड़कर या कुंडा खोलकर चोरी की घटना को अंजाम देते हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार चोरों के अन्य थानो व सरहदीय जनपदो से भी आपराधिक इतिहास की जानकारी ली जा रही है । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक गौरव जोशी प्रभारी चौकी हल्दुचौड़, अउनि प्रेम बल्लभ जोशी, हेकानि त्रिलोक सिंह रौतेला, आरक्षी गुरमेज सिंह व अनिल शर्मा शामिल थे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण

महंगाई पर काबू पाना सरकार के लिए टेढ़ी खीर बना हुआ है। मई में थोक महंगाई पिछले पंद्रह महीनों के उच्च स्तर पर पहुंच गई। अब यह 2.61 फीसद पर है, जबकि अप्रैल में यह 1.26 फीसद थी। इसी अवधि में पिछले वर्ष यह नकारात्मक 3.61 फीसद पर थी। जबकि इसके उलट खुदरा महंगाई मई में घट कर 4.75 फीसद पर पहुंच गई, जो इस वर्ष का सबसे निचला स्तर है। थोक महंगाई पिछले तीन महीने से लगातार बढ़ रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का कहना है कि खाद्य वस्तुओं, खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, कच्चे तेल और गैस तथा अन्य विनिर्माण उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से इस वर्ष मई में थोक महंगाई बढ़ी। खासकर सब्जियों की थोक कीमतों में बेतहाशा वृद्धि देखी गई। सब्जियों की थोक महंगाई दर 32.42 फीसद रही। प्याज की थोक महंगाई दर 58.05 फीसद और आलू की 64.05 फीसद दर्ज की गई। भारतीय रिजर्व बैंक आमतौर पर खुदरा महंगाई दर के आधार पर अपनी मौद्रिक नीतियों में बदलाव करता है। मगर मई में खुदरा महंगाई पांच फीसद से कम होने के बावजूद उसने रेपो रेट में कोई बदलाव न करने का फैसला किया। इसलिए कि उसका अनुमान है कि अभी महंगाई का रुख अनिश्चित बना रहेगा और उसमें उतार-चढ़ाव आ सकता है। आमतौर पर थोक महंगाई का असर खुदरा महंगाई पर पड़ता है। जो चीजें थोक में महंगी होती हैं, उनकी खुदरा कीमतें भी बढ़ती हैं। मगर बीते मई महीने में यह क्रम उलटा देखा गया। थोक महंगाई बढ़ी, पर खुदरा महंगाई कम हुई। महंगाई बढ़ने के पीछे आमतौर पर कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी का तर्क दिया जाता है। पिछले कुछ वर्षों से रूस-यूक्रेन युद्ध और फिर इजराइल-हमास संघर्ष के चलते दुनिया भर में आपूर्ति शृंखला बाधित हुई है। विश्व अर्थव्यवस्था मंदी के दौर से गुजर रही है। जाहिर है, इसका असर कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ा है। मगर यह कोई पहला मौका नहीं है, जब कच्चे तेल की कीमतें बढ़ी हैं। भारत में तेल की कीमतों में बढ़ोतरी कई वर्ष से हो रही है, जिसका प्रभाव माल ढुलाई पर देखा गया है। मई महीने में तेल की कीमतें इतनी बढ़ी भी नहीं कि उसका सीधा प्रभाव थोक महंगाई पर पड़े। फिर, खुदरा महंगाई घटी हुई कैसे दर्ज हुई, जबकि इसका असर उस पर भी पड़ना चाहिए था। दरअसल, खाने-पीने की चीजों की कीमतों में असंतुलन की बड़ी वजह अंतरराष्ट्रीय व्यापार है। महाराष्ट्र के किसान लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं कि प्याज को निर्यात के लिए खोल दिया जाए, मगर सरकार ने उस पर प्रतिबंध लगा रखा है। इसकी वजह से उन्हें अपनी लागत भी नहीं मिल पा रही और खुदरा बाजार में औने-पौने दाम पर बेचना पड़ रहा है। इसके उलट, बाहर से दालों, फलों, खाद्य तेल आदि पर आयात शुल्क घटा या हटा देने की वजह से घरेलू जिंस की जगह विदेशी चीजें थोक बाजार में अधिक पहुंचने लगी हैं। यह समझना मुश्किल है कि जो खाद्य वस्तुएं अपने यहां जरूरत से अधिक पैदा हो रही हैं, उनकी घरेलू बाजार में खपत बढ़ाने पर जोर देने के बजाय विदेशी वस्तुओं की आवक क्यों बढ़ाई जाती है। खानेपीने की चीजों की कीमतें बढ़ने से आम लोगों के जीवन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। उनकी क्रयशक्ति बढ़ाना पहले ही बड़ी चुनौती है, तिस पर महंगाई की मार उनका जीवन दूभर बना देती है।

# अब अल्मोड़ा जिला कारागार के बंदियों और जेल अधीक्षक का पत्र वायरल हाने से मची खलबली!

हल्द्वानी। अल्मोड़ा जिला कारागार से इस बार अलग-अलग दो पत्र वायरल होने से मुख्यालय तक खलबली मच गई है। एक पत्र में अल्मोड़ा जेल के समस्त बंदीजन लिखा हुआ है। ये पत्र हाईकोर्ट के नाम पर लिखा गया है, जिसमें जेल अधीक्षक समेत तमाम कर्मचारियों पर प्रताड़ना समेत कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। वहीं दूसरा पत्र जेल अधीक्षक की ओर से वायरल हो रहा है। इसमें बताया गया है कि पीपी से मुलाकात को आए व्यक्ति के पास सामान में मोबाइल पकड़ा गया था। मुख्यालय स्तर से दोनों वायरल पत्रों पर लगे आरोप-प्रत्यारोप की जांच शुरू हो गई है। समस्त बंदीजन लिखा जो पत्र वायरल हो रहा है, उसमें लिखा है कि जेल में बंदियों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। खेल-कूद नहीं होते। स्वजन से मुलाकात के समय अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। बंदियों के लिए आने वाले सामान को जेल प्रशासन उन तक नहीं पहुंचा रहा है। खाद्य सामग्री जेल कर्मी खुद खा ले रहे हैं। बच्चों को बिना जूते-चप्पल नंगे पांव घुमाया जा रहा। महिला बंदियों की निगरानी रखी जा रही है। गालीगलौज




की जा रही है। जेल अधीक्षक की ओर से बंदियों को धमकाया जा रहा। कैंटीन की सुविधा नहीं मिल रही है। अधीक्षक के रायडर मारपीट कर रहे हैं। हालांकि, यह पत्र कितना पुराना है, इसकी दैनिक जागरण पुष्टि नहीं करता है। छह जून को जारी हुआ एक अन्य पत्र अल्मोड़ा जिला कारागार के अधीक्षक के नाम से वायरल हो रहा है। यह पत्र कारागार के सहायक महानिरीक्षक के नाम पर है, जिसमें बताया गया है कि शिकायती प्रार्थना पत्र में लगे आरोप गंभीर प्रकृति के हैं, जिनकी जांच कर कार्रवाई की जाए। पत्र में लिखा है कि प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरित किए गए खासकर प्रकाश पांडे उर्फ पीपी व साथ सिंह की बैरक की प्रतिदिन कारागार नियमावली के तहत तलाशी ली जाती है। पीपी से मुलाकात के लिए आए व्यक्ति के सामान की तलाशी के दौरान मोबाइल फोन मिला था। पत्र में लिखा है कि आरोपों की जांच के लिए सीसीटीवी फुटेज देखे जा सकते हैं। जेल अधीक्षक की ओर से जो पत्र कारागार के सहायक महानिरीक्षक के नाम पर वायरल हुआ है, उसमें पांच फरवरी को अल्मोड़ा के अभिसूचना इकाई के इंस्पेक्टर के नाम लिखा पत्र अटैच है, जिसमें लिखा है कि पीपी से मिलने आए लखनऊ के श्यामनगर निवासी अभिमन्यु के पास सामान में मोबाइल मिला है। बताया जाता है कि मुलाकात करने के लिए हल्द्वानी के कमल सती व काठगोदाम के हितेश चंद्र पांडे भी आए थे। सवाल यह है कि जब मोबाइल मिला तो मोबाइल लाने वालों पर कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

# चार धाम यात्रियों की सीमा व्यवस्था समाप्त

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर गढ़वाल आयुक्त/अध्यक्ष चारधाम यात्रा प्रशासन श्री विनय शंकर पांडेय द्वारा यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर ऋषिकेश एवं हरिद्वार में चारों धामों के दर्शन हेतु निर्धारित की गई सीमा को समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। श्री पांडेय ने बताया कि वर्तमान में चारों धामों में भीड़ सामान्य हो चुकी है। ऐसे में मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार जनहित में यह निर्णय लिया गया है। यात्रियों की सुविधा हेतु ऋषिकेश व हरिद्वार में चारों धामों के दर्शन के लिए निर्धारित कोटा व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है। अब यात्री ऋषिकेश व हरिद्वार के रजिस्ट्रेशन काउंटर में स्वयं भौतिक रूप से उपस्थित होकर चारों धाम, दो धाम या किसी भी धाम का सीधे रजिस्ट्रेशन प्राप्त कर अपनी यात्रा पर सुगमता से जा सकते हैं। यह आदेश चारों धामों में आने वाले यात्रियों की सुविधा हेतु तत्काल प्रभाव से लागू होगा। गढ़वाल आयुक्त ने बताया कि इस वर्ष चारधाम यात्रियों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। गत वर्ष चारधाम यात्रा के शुरू के एक माह में 12,35,517 श्रद्धालुओं द्वारा धामों के दर्शन किए गए थे, जबकि इस वर्ष 19,64,912 श्रद्धालुओं द्वारा चारों धामों के दर्शन किए जा चुके हैं। वहीं श्री केदारनाथ यात्रा को 35 दिन पूरे हो चुके हैं। करीब 20 ज्ञ्ड. के कठिन पैदल मार्ग में कई बार यात्री बीमार एवं चोटिल हो जाते हैं। ऐसे यात्रियों को तत्परता से रेस्क्यू करने हेतु जिला प्रशासन ने जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एवं सुरक्षा बलों की सहायता से रेस्क्यू सिस्टम तैयार किया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि पैदल यात्रा मार्ग पर डीडीआरएफ, एसडीआरएफ, यात्रा मैनेजमेंट फोर्स, एनडीआरएफ सहित प्रशासन के अन्य कार्मिक तैनात हैं। किसी भी यात्री के चोटिल या बीमार होने पर रेस्क्यू टीम उन्हें उपचार हेतु स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर जाते हैं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि केदारनाथ धाम की यात्रा के दौरान अब तक 356 लोगों को मैनुअल रेस्क्यू किया जा चुका है। वहीं 43 लोगों को हेली सेवा के माध्यम से एवं 67 लोगों को एंबुलेंस के माध्यम से रेस्क्यू कर उपचार हेतु हायर सेंटर भेजा गया है।

# सूचना अधिकारियों के लिए कार्यशाला आयोजित

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने शुक्रवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड सूचना आयोग द्वारा सचिवालय के सभी विभागों के लोक सूचना अधिकारियों के लिए हुई कार्यशाला में भाग लिया। सीएस ने कहा कि सूचना के अधिकार के मजबूत होने से



व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ने के साथ ही भ्रष्टाचार पर अंकुश लगता है। आरटीआई से सरकारी कार्मिकों में ईमानदारी से कार्य करने की प्रवृति बढ़ती है। सूचना का अधिकार अधिनियम आने से नागरिकों को सरकार के कार्यों की जानकारी प्राप्त करने का अधिकार मिला है। आरटीआई की बेहतर जानकारी से लोक सूचना अधिकारी अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन अधिक कुशलता से कर पाएंगे। इससे अधिक से अधिक अपीलों का निस्तारण प्राथमिक स्तर पर ही हो जाएगा। सीएस ने कहा कि जिला स्तर तथा विभागीय स्तर पर भी आरटीआई पर कार्यशालाएं होनी चाहिए। कार्यशाला में सूचना आयुक्त श्री योगेश भट्ट, सचिव श्री दीपेन्द्र कुमार चौधरी सहित विभिन्न विभागों के लोक सूचना अधिकारी मौजूद रहे।

# आसमान से बरस रही आग गर्मी से राहत के आसार नहीं

देहरादून। चिलचिलाती गर्मी के बीच राहत पाने के लिए मैदान से लेकर पहाड़ों तक लोग प्री मानसून की बारिश की आस लगाए हैं, लेकिन आसमान से पूरे उत्तराखंड में सिर्फ आग ही बरस रही है। आलम यह है कि जून में अभी तक सिर्फ एक ही दिन मेघ बरसे हैं। उधर, मौसम वैज्ञानिकों का कहना है अभी फिलहाल अगले कुछ दिनों तक बारिश की संभावना नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार प्री-मानसून की बारिश की संभावना कम है। इसके चलते मैदान से लेकर पहाड़ तक गर्मी से राहत के आसार कम हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो जून की शुरुआत से कुछ एक दिनों को छोड़ दून का तापमान 40 डिग्री के पार रहा है। बीते बृहस्पतिवार को तो 121 साल बाद दून का अधिकतम तापमान 42 डिग्री के पार पहुंच गया। शुक्रवार को भी यह सिलसिला जारी रहा और यहां का अधिकतम तापमान सामान्य से आठ डिग्री अधिक 43 डिग्री दर्ज किया गया। इसके चलते दिन के साथ रात को भी गर्म हवाओं ने जमकर झुलसाया। मौसम विज्ञान केंद्र के आंकड़ों की बात करें तो अभी प्रदेशभर में 53.7 एमएम बारिश हो जानी चाहिए थी, लेकिन अब तक सिर्फ 16.9 एमएम बारिश ही हुई है, जो कि सामान्य बारिश से 68 फीसदी कम है। इसमें से हरिद्वार जिले में तो न के बराबर सिर्फ 0.2 एमएम बारिश हुई। जबकि, देहरादून में 17 एमएम बारिश हुई। उधर शनिवार को भी दून का अधिकतम तापमान 43 और न्यूनतम 26 डिग्री रहने के आसार हैं।




# फिर सुर्खियों में आया बहुचर्चित एनएच 74 मुआवजा घोटाला

## 400 करोड़ के बहुचर्चित एनएच 74 घोटाले के मास्टरमाईड एसएलओ डीपी सिंह को शासन से मिल गई क्लीन चिट, कई अधिकारियों को हुई थी जेल

देहरादून/ रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में सबसे बहुचर्चित एनएच 74 मुआवजा घोटाला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। शासन ने इस घोटाले में नामित जांच अधिकारी की जांच आख्या के आधार पर मुख्य आरोपी पीसीएस अफसर दिनेश प्रताप सिंह को सभी आरोपों पर क्लीन चिट दे दी गई है। इतना ही नहीं उनके खिलाफ चल रही अनुशासनिक कार्यवाही को बिना किसी दंड अधिरोपण के खत्म कर दिया गया है। साथ ही न्यायालय में उनके खिलाफ अभियोजन चलाने की पूर्व में दी गई अनुमति को भी निरस्त कर दिया गया है। मार्च 2017 को तत्कालीन कमिश्नर डॉ. सेंथिल पांडियन ने करोड़ों रुपये के घोटाले का पर्दाफाश किया था। तत्कालीन एडीएम प्रताप शाह ने सिडकुल चौकी में एनएचएआई के अधिकारी, कर्मचारियों के साथ ही सात तहसीलों के तत्कालीन एसडीएम, तहसीलदार और कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। तत्कालीन त्रिवेंद्र सरकार ने एसआईटी का गठन किया था। इस घोटाले में दो आईएएस और पांच पीसीएस अफसर निलंबित किए गए। 30 से अधिक अधिकारी, कर्मचारी, दलाल और किसानों को जेल जाना पड़ा था। एसआईटी ने तत्कालीन एसएलओ और पीसीएस अफसर दिनेश प्रताप सिंह को मुख्य आरोपी बनाया था। करीब 14 महीने तक डीपी सिंह को जेल में रहना पड़ा था। इस घोटाले में ईडी और आयकर विभाग भी सक्रिय हुआ था। अधिकारियों और किसानों की करोड़ों रुपयों की संपत्ति को अटैच किया गया। एसआईटी की ओर से वर्ष 2019 में घोटाले की चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की गई। एसआईटी की जांच में 400 करोड़ का घोटाला उजागर हुआ था। यह मामला अदालत में विचाराधीन है। इधर शासन ने 25 जनवरी 2024 को इस मामले में जांच अधिकारी नामित किया था। जांच अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर घोटाले के मुख्य आरोपी बनाए गए पीसीएस अफसर दिनेश प्रताप सिंह को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की ओर से 12 अप्रैल को इसका आदेश भी जारी किया जा चुका है। इसके साथ ही 17 जनवरी 2018 को शासन की ओर से न्यायालय में डीपी सिंह के खिलाफ अभियोजन चलाने की अनुमति को निरस्त कर दिया है। इधर संयुक्त निदेशक विधि की ओर से भी भ्रष्टाचार अधिनियम कोर्ट को भी अवगत करा दिया गया है। गौरतलब है कि एनएच 74 घोटाले में दिनेश प्रताप सिंह सहित दस आरोपियों ने पिछले साल हाईकोर्ट में निचली अदालत की ओर से ईडी को अलग-अलग शिकायतों पर केस दर्ज करने के आदेश को चुनौती दी थी। इस आदेश को गलत करार दिया था लेकिन हाईकोर्ट ने निचली अदालत के आदेश के सही ठहराते हुए याचिका को निरस्त कर दिया था। एनएच घोटाले में मुआवजे की मोटी रकम के लिए कागजों में खेल किए गए थे। अफसर, कर्मचारी, दलालों और किसानों ने सांठगांठ से कृषि भूमि को बैक डेट में अकृषि दर्शाया था। इससे मिले करोड़ों के मुआवजे से कमीशन की बंदरबांट हुई थी। इस घोटाले में चुकटी देवरिया स्थित टोल प्लाजा के शिफ्टिंग का खेल भी हुआ था। राज्य गठन के बाद पहली बार पांच पीसीएस अफसरों को जेल जाना पड़ा था। अब सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर इस हाईप्रोफाईल घोटाले के मास्टरमाईड रहे और एनएच घोटाले में एसआईटी की ओर से मुख्य आरोपी बनाए गए दिनेश प्रताप सिंह को शासन से क्लीन चिट और अभियोजन की अनुमति निरस्त होने के बाद अन्य आरोपियों का क्या होगा। जबकि इस घोटाले में चार अन्य पीसीएस अफसरों के साथ ही अधिकारी, कर्मचारी और किसान आरोपी हैं। जब मुख्य आरोपी को क्लीन चिट मिल चुकी है तो इसको बाकी अफसर भी आधार बना सकते हैं। माना जा रहा है कि घोटाले में इस तरह आरोपियों को क्लीन चिट मिलने से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना राज्य सरकार के लिए बड़ी चुनौती साबित होगा।



# टुकटुक के किराए को लेकर मुख्य चौराहे पर तलवारबाजी

सितारगंज (उद संवाददाता)।टुकटुक के किराए को लेकर दो पक्षों में मुख्य चौराहे के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि एक पक्ष के युवक पर दूसरे पक्ष के हमलावरों ने तलवार से हमला कर घायल कर दिया पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर के वार्ड नंबर 11 निवासी प्रमोद दास पुत्र रामकुमार ने आरोप लगाया कि शनिवार की सुबह उसके पिता रामकुमार टुकटुक से सवारी लेकर गए थे। मुख्य चौराहे के पास टुकटुक के किराए को लेकर सवारी से विवाद हो गया। इस दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने साथियों को मौके पर बुला लिया। हमलावरों ने उसके पिता की पिटाई लगा दी। जब वह बीच बचाव को पहुंचा तो हमलावरों ने तलवार से हमला कर उसे घायल कर दिया। हमले में प्रमोद दास के सिर व शरीर में चोटे लगी हैं। पुलिस ने घायल प्रमोद दास का सरकारी अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया है। कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल ने बताया कि मामले में तेरी रहने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



# चोरों ने दो घरों के ताले तोड़े

खटीमा। चोरों ने फौजी सहित दो घरों का ताला तोड़कर लाखों की नकदी और जेवरात चुरा लिए। पुलिस ने मौका मुआयना कर घर के आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। बृहस्पतिवार को चोर नगर पालिका वार्ड 10 निवासी गोविंद प्रजापति के बंद मकान में घुसे। किरायेदार अपने दुकान पर गए थे। पड़ोसियों ने बताया कि गोविंद प्रजापति और उनके बेटे-बहु पंजाब में नौकरी करते हैं। शुक्रवार शाम खटीमा पहुंचे भवन स्वामी ने बताया कि तीन कमरों का ताला तोड़कर करीब 40 हजार की नककी, कान के झुमके, नथ, पांच जोड़ी पायल, बिछिया, 12 चांदी के सिक्के, ब्रेसलेट आदि चोरी हुए हैं। इसके अलावा पास में ही चोरों ने फौजी देवदत्त भट्ट के घर की दीवार फांदकर ताला तोड़ दिया। चोरों ने चार गुल्लकों से करीब 35-40 की नकदी और कान के कुंडल चुरा ले गए हैं। झनकईया थानाध्यक्ष अनिल जोशी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

# कच्ची शराब ले जाता एक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बगवाड़ा चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध कच्ची शराब ले जाते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार कानि. हरीश कुमार व ललित मोहन चौकी क्षेत्र में गश्त करते हुए तीन पानी से किच्छा रोड की ओर जा रहे थे। पुलिस को देखकर तस्कर भागने का प्रयास करने लगा। शक होने पर पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता शत्रुघन साहनी पुत्र बलेश्वर साहनी निवासी बागवाड़ा भट्टा बताया। तलाशी लेने पर कट्टे से कुल 75 पाउच कच्ची शराब के बरामद हुए।

# किसानों ने पावर हाउस में किया प्रदर्शन

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह गौराया के नेतृत्व में दर्जनों किसानों ने ग्राम मजराशीला स्थित पावर हाउस पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और जेई हरजीत सिंह को ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि गर्मी का सीजन है और बेहिसाब गर्मी पड़ रही लेकिन दूसरी तरफ बिजली कर्मचारी और प्रशासन लगातार अपनी मन मर्जी से लाईट काट रहे है। भीषण गर्मी में मासूम बच्चे बेहाल हो रहे हैं । विकट गर्मी में जनता को परेशान किया जा रहा है और कर्मचारियों का बयान होता है,लोड बढ़ गया है अपने आप कट हो जाता है। उन्होंने अघोषित विद्युत कटौती बंद ना होने पर वृहद आंदोलन की चेतावनी दी। इस मौके पर। प्रदेशाध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी, अशोक गंडा, राजेंद्र तनेजा, विजय छाबड़ा ,हरजीत सिंह, रणजीत सिंह ,अविनाश मैनी ,कमल कुमार, स्वदेश डंग, भजनलाल, सुखविंदर सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



# गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

पंतनगर। क्षेत्र में तीन माह की गर्भवती युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया। शुक्रवार तड़के दो बजे बेनी निवासी कुछ लोग नीतू (28) पत्नी रवि कुशवाहा निवासी नगला-लालकुआं रोड को लेकर विवि हॉस्पिटल पहुंचे। यहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर और अस्पताल स्टाफ ने प्राथमिक उपचार के बाद युवती को घर वापस भेज दिया। लोग युवती को सुबह लगभग साढ़े तीन बजे दोबारा विवि अस्पताल लेकर आए। तब तक युवती की सांसें और पल्स अनियंत्रित हो चुकी थीं। जिसको देखते हुए अस्पताल कर्मियों ने उसे रेफर कर एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया। वहां से युवती की गंभीर हालत को देखते हुए एसटीएच हल्द्वानी रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रवि ने बताया कि महिला सात-आठ दिन से अपने मायके (पंतनगर के बेनी) में रह रही थी। बृहस्पतिवार की रात उसको फूड प्वाइजनिंग होने पर विवि अस्पताल ले जाया गया, जहां से रेफर होने के बाद हल्द्वानी के एसटीएच में उसकी मौत हो गई। बताया कि उसकी एक सात साल की बेटी है और पत्नी अभी तीन माह की गर्भवती थी।

# प्रमाणपत्र वितरण के साथ गुरमति ज्ञान समर कैम्प सम्पन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरूद्वारा श्री गुरू सिंघ सभा, गोल मार्केट में गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा आयोजित गुरमति ज्ञान समर कैम्प का प्रतिभागी सभी बच्चों को प्रमाणपत्र वितरण के साथ समापन किया गया। शिविर में बच्चों को पंजाबी व गुरमुखी भाषा का ज्ञान, सिख धर्म के गुरू साहिबान के इतिहास का ज्ञान दिया गया वहीं बच्चों को दस्तार सजाने के साथ ही गतका कौशल की बारीकियां भी सिखाई गईं। गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सभी टीचरों का कैम्प में सहयोग के लिए धन्यवाद करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधान जसपाल सिंह भट्टी, सेकेट्री मनजीत सिंह मक्कड़, मीत प्रधान सतनाम सिंह हुंडल, मीत सेकेट्री परविन्दर सिंह पम्मा, गुरमीत सिंह बठला, पूर्व प्रधान सुरमुख सिंह विर्क, कैशियर हरविन्दर सिंह, रशपाल सिंह, गुरमीत सिंह बठला, जसवीर सिंह मंड, गुरूद्वारा प्रबंधक कुलवंत सिंह, गुरवीर सिंहआदि मौजूद रहे। सम्मानित होने वाले टीचरों में भाई गुरजीत सिंह, सरबजीत सिंह, अमरजीत सिंह, हरप्रीत सिंह, कंवलजीत कौर, रेशम सिंह, रंजीत सिंह, करनदीप सिंह, रविन्दर सिंह, कमलजीत कौर, मनमीत कौर, तलविन्दर कौर, सुरेखा छावड़ा,ओमकार सिंह, करन प्रीत सिंह, प्रभजोत सिंह, गुरविन्दर सिंह, गुरतेज सिंह, जसपाल सिंह, प्रभजोत सिंह व हरमनदीप सिंह शामिल थे।



## पेज एक का शेष...

**टेंपो ट्रेवलर खाई में ...** पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। समाचार लिखने तक हादसे में नौ लोगों के मरने की पुष्टि हुई थी। कई श्रद्धालुओं की हालत गंभीर बतायी गयी है। कुछ लोग नदी में ही फंसे हुए थे उनकी तलाश की जा रही थी। बताया जा रहा है कि हादसे के दौरान यहां रेलवे लाइन पर काम कर रहे तीन लोग घायलों को बचाने के लिए नदी कूदे, जिनमें से एक की मौत हो गई। हादसे के बाद गंभीर घायलों को हायर सेंटर ले जाने के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की गयी। गुप्तकाशी से हेलीकॉप्टर रूद्रप्रयाग पहुंचा। जहां से चार घायलों को हेलीकॉप्टर से एम्स ले जाया गया। उधर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति सान्त्वना व्यक्त की है। अपने शोक संदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि जनपद रुद्रप्रयाग में टेम्पो ट्रैवलर के दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत पीड़ादायक समाचार प्राप्त हुआ। स्थानीय प्रशासन व एसडीआरएफ की टीमें राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी हुई है। घायलों को नजदीकी चिकित्सा केंद्र पर उपचार हेतु भेज दिया गया है। जिलाधिकारी को घटना की जाँच के आदेश दे दिए हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगतों की आत्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोक संतप्त परिजनों को यह असीम कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें। बाबा केदार से घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

**कैंची धाम में उमड़ा...** द्वार से भवाली और अल्मोड़ा की ओर से आने वाले भक्त बाबा के जयकारों के साथ बाबा के दर्शन करते रहे। वहीं लंबी कतार में खड़े श्रद्धालुओं ने जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से की गई व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की। मंदिर समिति के प्रबंधक प्रदीप साह ने बताया कि सुबह 8.30 बजे तक 40 हजार से अधिक श्रद्धालु बाबा के दर्शन और मालपुए का आर्शीवाद ले चुके थे। इधर कैंची मेले की यातायात और सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा मोर्चा संभाले हुए हैं। एसएसपी ने बताया कि पुलिस की टीम श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना न करना पड़ना पड़े इसके लिए टीम लगी हुई है। उन्होंने कहा कि सुबह 8.30 बजे तक 50 हजार से अधिक श्रद्धालु बाबा के दर्शन कर लौट चुके हैं। एसएसपी ने बताया कि श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किये हैं। सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद है, जिससे भक्तजन बिना किसी बाधा के बाबा जी के दर्शन कर सकें। भक्तजनों की सुविधा हेतु लगातार अनाउंसमेंट कराकर व्यवस्था बनाए रखने हेतु आग्रह किया जा रहा है। शटल सर्विस सुगम रूप से चल रही हैं पार्किग में भी भक्तों की संख्या काफी हैं जिन्हें लगातार दर्शन कराये जा रहे हैं।

**ट्रांजिट कैंप में ..** अपराधी भी अपराध करने से पहले दस बार सोचता है। उन्होंने कहा बाजार क्षेत्र व मुख्य चौराहों पर लगे कैमरों से बाजार क्षेत्र मे चेन स्केचिंग व चोरी की घटनाओ मे कमी आई है। या कोई घटना हुई है तो पुलिस द्वारा सीसीटीवी की मदद से अपराधी तक पहुंचना आसान हुआ है। विधायक ने कहा उनका संकल्प है कि रुद्रपुर विधानसभा के कोने कोने मे सीसीटीवी का जाल बिछे। जिससे अपराध करने वाले अपराधी की कमर टूट जाये और मातायें बहने पूर्ण रुप से स्वयं को सुरक्षित महसूस करे। कैम्प क्षेत्र में कैमरे लगने से अपराधियों में इसका भय नजर आयेगा और अपराधों मे भी कमी आयेगी । विधायक ने कहा कि आगे भी पुलिस विभाग को जो आवश्यकता होगी उसके अनुसार अगले चरण के लिए भी जल्दहीं सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य किया जायेगा। कार्यक्रम में एसएसपी मंजुनाथ टीसी ने कहा कि अपराध नियंत्रण की दिशा में क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा द्वारा लगातार सीसीटीवी कैमरो को लगाने का कार्य किया जा रहा है। पुलिस विभाग को सहयोग मिल रहा है उसके लिए विधायक शिव अरोरा का आभार है जिनकी दूरदर्शी सोच के चलते थाना ट्रांजिस्ट कैम्प क्षेत्र को सीसीटीवी कैमरे विधायक निधि द्वारा दिये गये हैं यह निश्चित रूप से अपराधियों पर नकेल कसने मे ओर उनकी धरपकड़ मे काफी मददगार सबित होगा। इस अवसर पर एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ सिटी आईपीएस निहारिका तोमर, सीओ संचार रेवधर मठपाल, आर ई मनीष शर्मा, सीएफओ इशांत कटारिया, थाना अध्यक्ष भारत सिंह, सीपीयू इंचार्ज राकेश बिष्ट, भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, तरुण दत्ता, राजकुमार साह, दिलीप अधिकारी, शम्मी गुप्ता, राजेंद्र राठौर,शिव कुमार, कैलाश राठौर,राजेश जग्गा, डी के गंगवार, शंकर विश्वास, विजय डे, बिट्टू चौहान संदीप बाजवा व अन्य लोग मौजूद रहे।

**मुठभेड़ में गोली..** चांदपुर गागलहेड़ी सहारनपुर पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि अंधेरे का फायदा उठाकर इसके तीन साथी मौके से फरार हो गये। घायल बदमाश को उपचार के लिए चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ा की सूचना मिलने के बाद पुलिस के आला अधिकारियों ने रात को ही मौका मुआयना किया और रुड़की सिविल अस्पताल जाकर घायल के बारे में जानकारी ली। पुलिस फरार बदमाशों की तलाश कर रही है।

**इंग्लैड का वर्क..** दुकान चलाता है। आरोप है कि ग्राम आमखेड़ा निवासी बलजीत सिंह पुत्र गुरदेव सिंह ने उसे बताया कि उसका भतीजा पवन सिंह जो कि विदेश में है। 4 माह पूर्व उक्त बलजीत सिंह ने उससे कहा कि व गुरविन्द्र का इंग्लैण्ड का वर्क परमिट दिला देगा। जिसमें करीब एक लाख रूपये खर्चा आयेगा। तब वह बजलीत सिंह की बातों में आ गया और एक लाख रूपये बतौर चैक से दे दिए। 15 जून 2023 को खाते से पैसे भी निकाल लिए गए। जब वर्क परमिट नही लगा तो पैसे वापस मांगने पर उसके साथ गाली गलौच व धमकियां देने लगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**ब्याज सहित रकम...** द्वारा अपने किसी व्यक्ति के माध्यम से उसके विरुद्ध चैक से वसूली के लिए कोर्ट में मुकदमा कर दिया है। जो उसके साथ धोखाधड़ी है। जिस कारण उसका लगातार उत्पीडन हो रहा है। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# कैंची धाम में सुबह से लगा रहा भक्तों का तांता




## दर्शन के लिए सड़क से मंदिर तक लगी कतार, मेले को सकुशल संपन्न कराने को नैनीताल पुलिस के जवान चौकस, सुरक्षा व्यवस्था सख्त




नैनीताल/ भवाली। विश्व प्रसिद्ध बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन के लिए देश भर से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। वहीं श्रद्धालुओं को दर्शन कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने व्यपक इंतजाम किये हुए हैं। आज प्रात: से ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने कैंची धाम पहुंचकर पूजा अर्चना कर बाबा नीब करौरी महाराज का आशीर्वाद लिया। इस दौरान भक्तों ने बाबा नीब करौरी महाराज के जयघोष लगाकर वातावरण गूंजायमान कर दिया। वहीं एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा भी कैंची धाम पहुंचकर यातायात और सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस के जवानों को दिशा निर्देश दिये। वहीं एसएसपी भी स्वयं व्यवस्थाओं को संभाल ने में जुटे रहे। वहीं पुलिस प्रशासन की यातायात व्यवस्था पिछले वर्ष से काफी व्यवस्थित दिखी। सड़कों पर जाम की समस्या भी नहीं रही। एसएसपी ने श्रद्धालुओं से सौहादपूर्ण महौल के बीच कतारबद्ध होकर बाबा जी के दर्शन करने की अपील की है। वहीं ड्यूटी में लगाये गए पुलिस बल व्यवस्था बनाए हुए हैं यातायात सुचारू चल रहा है। सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद है, जिससे भक्तजन बिना किसी बाधा के बाबा जी के दर्शन कर सकें। भक्तों में भारी उत्साह दिख रहा है। भक्तजनों की सुविधा हेतु लगातार अनाउंसमेंट कराकर व्यवस्था बनाए रखने हेतु आग्रह किया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल श्री प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा कैंची धाम मेले को शांतिपूर्वक और सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आज पुन: मंदिर परिसर और पार्किंग स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था परखी, उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसएसपी ने मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया और सुनिश्चित किया कि सभी सुरक्षा उपायों का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने पार्किंग स्थलों की भी समीक्षा की और वहां पर आने वाले भक्तों की सुविधा हेतु व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। डॉग स्क्वाड टीम द्वारा नियमित चौकिंग करवाई जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। मन्दिर परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, पुलिस बल की तैनाती और आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया। पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोकने के निर्देश दिए। मेले के दौरान आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता हेतु भी संबंधित विभागों से आवश्यक तैयारियां हेतु वार्ता की गई। सम्बन्धित अधि0/कर्म0 को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सजग रहें और किसी भी आपात स्थिति के लिए तत्पर रहे। भ्रमण के दौरान श्री हरबंस सिंह एसपी क्राइम/यातायात जनपद नैनीताल श्री सुमित पांडे क्षेत्राधिकारी भवाली, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली श्री डीआर वर्मा आदि मौजूद रहे।

# कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारम्भ



किच्छा (उद संवाददाता)। किशनपुर स्थित बाला जी पुरम नं 3 में भव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय भागवत कथा शुरू हो गयी। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में कन्या व महिलाएं शामिल हुईं। भीषण गर्मी के बावजूद गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा के दौरान पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा काली मंदिर से विधिवत मंगल गीतों के साथ प्रारंभ होकर बालाजीपुरम नं०3 पहुंची। जहां मुख्य अतिथि समाजसेवी व वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह तथा हरिद्वार से पहुंचे कथावाचक पं० गोविन्दाचार्य द्वारा सात दिवसीय भागवत कथा का विधिवत यज्ञ पूजन के साथ शुभारम्भ किया। कथा के शुभारंभ पर कथावाचक पं० गोविन्दाचार्य ने कहा विश्व में सभी कथाओं में श्रीमद्भागवत कथा श्रेष्ठ मानी गई है। श्रीमद्भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वह स्थल पवित्र हो जाता है। इस दौरान मुख्य अतिथि संजीव कुमार सिंह ने समस्त श्रृद्धालुओं से भागवत कथा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने तथा कथामृत प्राप्त करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 7 दिवसीय कथा समाप्ति के उपरांत पूर्णाहूति के बाद विशाल भंडारा कर महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। इस दौरान ब्रह्मानन्द पुरोहित, राम बाबू, कमलेश कुमार दुबे अमरेंद्र प्रताप, महेंद्र पाल, शिवदत्त पालीवाल, राहुल गंगवार, दिलीप सिंह बिष्ट, हरेन्द्र बिष्ट, दिग्विजय सिंह एवं महिलाओं में पुष्पा सिंह, गीता सिंह, आशा सिंह, मनोरमा, विजयलक्ष्मी, सोनी सिंह, हर्षिता सिंह, रानी सिंह, माया देवी आदि सहित सैंकड़ों श्रृद्धालु उपस्थित थे।

# मेले में बिछड़ी महिला को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

भवाली (उद संवाददाता)। पठानकोट पंजाब से कैंची धाम मंदिर में आई एक वृद्धा भारी भीड़ में परिजनों से बिछड़ गयी। 75 वर्षीय सुशीला वालिया के परिजनों ने कैंची धाम मंदिर प्रांगण में बनाए गए खोया पाया केंद्र को इसकी सूचना दी। जिस पर पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए अनाउंसमेंट एवं विभिन्न पुलिस ग्रुप में उक्त गुमशुदा महिला की फोटो सर्कुलेट कर बिछडी महिला को उनके परिजनों से मिलवाया।



# शिविर में मरीजों का किया चेकअप




गदरपुर (उद संवाददाता)।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज शर्मा एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजीव सरना के निर्देशन में वार्ड नं 7 के चतुर्थ केंद्र में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर की टीम द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र मे नवजात बच्चों से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों की हीमोग्लोबिन की जांच टी3 अप्रोच अर्थात टेस्ट ट्रीट एंड टॉक के साथ की गई। शिविर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ती श्रीमती सविता सरकार एवं सागरिका ने भी सहयोग किया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम केंद्र की महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ रेखा एवं स्टाफ नर्स सोनिया वैद्य ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की एवं दवाओं का निशुल्क वितरण किया। चिकित्सा अधिकारी राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ विकास सचान ने भीषण गर्मी से बचने के उपायों एवं जल जनित रोगों से बचने के उपायों के बारे में भी क्षेत्र वासियों को जागरूक किया।

# भाजपा सरकार कर रही खिलाड़ियों को प्रोत्साहित: गौरी

## टूर्नामेंट की विजेता क्रिकेट टीम को किया सम्मानित



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। खेलों के माध्यम से युवा वर्ग अपना भविष्य उज्जवल सकते हैं। प्रदेश में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। प्रदेश एवं केंद्र सरकार भी अच्छे खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर उन्हें सभी खेल सुविधाएं प्रदान कर रही है। यह बात वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश गौरी ने यहां ग्राम बेनी के खेल मैदान में आयोजित स्वर्गीय डा. आरके सिंह एवं स्वर्गीय हरिकेश यादव मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन अवसर पर उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त खिलाड़ियों को नौकरी में भी आरक्षण दे रही है। श्री गौरी ने कहा क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए वह अपना हमेशा सहयोग देते रहेंगे। उन्होंने आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रतिभाग कर रही सभी टीमों के खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विजेता एवं उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को बधाई दी। इससे पूर्व श्री गौरी ने खेल मैदान में उतरकर बेट से बाल को शॉट मार टूर्नामेंट के फाइनल मैच का शुभारंभ किया। टूर्नामेंट में फाइनल मैच पत्थरचट्टा एवं बेनी की टीमों के मध्य खेला गया।जिसमें पत्थरचट्टा की टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 110 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने मैदान में उतरी बेनी की टीम के खिलाड़ियों ने सत्रह वें ओवर में लक्ष्य हासिल कर टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश गौरी ने विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इससे पूर्व आयोजन स्थल पर पहुंचने पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश गौरी का आयोजक कमेटी के अध्यक्ष हरीश सिंह थापा, उपाध्यक्ष अब्दुल सहित कमेटी के शैंकी, करन, राहुल, राजकुमार और राकेश आदि ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल यादव, नंदलाल, हरीश जोशी, आशीष गुप्ता, कमल पांडे, मदन लाल शर्मा, डा.परमवीर,बल बहादुर व निसार सहित भारी संख्या में क्षेत्रवासी तथा खिलाड़ी मौजूद थे।